The Workshop concentrates on studying the Role of Schools in the Conservation of our Natural and Cultural Heritage and involve students and teachers in such activities which enable them to understand the cultural and biodiversity values of the site, the importance to preserve these values and the associated threats. The Workshop also develops a practical 'plan of action' that may inspire students to appreciate their natural and cultural heritage and feel responsible to protect the environment as citizens of India.

The accelerated pace of development in our country has brought forth changes both in the physical environment and cultural patterns, on an unprecedented scale. As a result, the familiar surroundings and the related cultural identities are being lost. It must be realized that what is lost today due to ignorance, lack of awareness or concern or thoughtless planning cannot be recovered, be it a plant species or a historical monument. The teachers are invited in Workshops to take up the task of sensitizing the students to their role as future guardians of the rich natural and cultural resources of our country.

Aims of the Workshop

- To study simple conservation techniques by which students can be involved in looking after historical monuments and natural and cultural heritage of their region.
- To develop a practical plan of action that may inspire students to take up cleanliness and beautification of local historical sites and parks.
- To provide an opportunity to teachers from various parts of the country to stay together and interact with each other and with local students, fostering a spirit of national integration,

Sl. No.	Duration	Venue	No. of Participants
1.	August 27-September 05, 2024	Guwahati	95
2.	August 27-September 05, 2024	Damoh	65
3.	October 16-25, 2024	Guwahati	68
4.	November 05-14, 2024	Hyderabad	59
5.	January 21-30, 2025	Udaipur	63
6.	February 25 to March 06, 2025	New Delhi	51
		Total	**401**

प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) सेवारत अध्यापकों हेतु प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में स्कूलों की भूमिका विषय पर कार्यशालाएँ आयोजित करता है, जो कि भिन्न-भिन्न भागों के अध्यापकों को अपनी संस्कृति के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करती हैं, ताकि प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक धरोहर की विविधता और समृद्धि के प्रति वे सराहना की भावना उत्पन्न कर सकें। इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को विविध विषयों से अवगत कराया जाता है जिससे कि शिक्षा के विभिन्न आयामों में सह-सम्बन्ध और सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को समेकित कर विद्यार्थियों के शैक्षिक अनुभवों को समृद्ध बनाया जा सके।

इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में स्कूलों की भूमिका का अध्ययन करना तथा छात्र एवं अध्यापकों को ऐसी गतिविधियाँ सुझाना है जो विरासत में प्राप्त कला रूपों के संरक्षण में सहायक हों। इन कार्यशालाओं में शिक्षक/शिक्षिकाएँ स्थल के सांस्कृतिक परिवेश एवं जैव विविधता विषयक मूल्यों से परिचित होते हैं। इनके संरक्षण के महत्व तथा चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जाती है। इन कार्यशालाओं के दौरान प्रतिभागियों में कार्यान्वयन की ऐसी क्रियात्मक योजना विकसित की जाती है जो छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने और भारत की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत की सराहना व वातावरण की सुरक्षा करने हेतु प्रेरित करती है।

हमारे देश में तीव्र गति से विकास के कारण भौतिक वातावरण तथा सांस्कृतिक ढाँचे में बड़े पैमाने पर अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। इसके परिणामस्वरूप हम परिचित परिवेश और इससे संबंधित सांस्कृतिक पहचान खो रहे हैं। अत: आज इस वास्तविकता को जानना चाहिए कि हमने अज्ञान, जागरूकता की कमी एवं अनियोजित योजनाओं से जो कुछ खोया, उसकी पुन: प्राप्ति असंभव है, चाहे यह किसी पौधे की प्रजाति या ऐतिहासिक स्मारक ही हो। कार्यशालाओं में अध्यापकों को इसलिए आमंत्रित किया जाता है, जिससे विद्यार्थी देश की समृद्ध प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों के भावी संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका के महत्त्व को समझ सकें।

कार्यशालाओं के उद्देश्य

- संरक्षण की ऐसी सरल तकनीकों का अध्ययन करना, जिनके द्वारा छात्रों/छात्राओं को उनके क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्मारकों तथा अन्य प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत की देखभाल में शामिल किया जा सके ।
- कार्यान्वयन हेतु ऐसी व्यावहारिक योजना विकसित करना, जिसके द्वारा छात्रों/छात्राओं को स्थानीय ऐतिहासिक स्थलों तथा उद्यानों को स्वच्छ,सुन्दर एवं आकर्षक बनाने हेतु उत्प्रेरित किया जा सके और
- राष्ट्रीय अखण्डता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न भागों से आए हुए शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्थानीय छात्रों/छात्राओं के साथ रहने/ठहरने तथा विचार करने का सुअवसर प्रदान करना ।

क्रम संख्या	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	27 अगस्त-सितम्बर 05, 2024	गुवाहाटी	95
2.	27 अगस्त - 05 सितम्बर, 2024	दमोह	65
3.	16-25 अक्टूबर, 2024	गुवाहाटी	68
4.	05-14 नवम्बर, 2024	हैदराबाद	59
5.	21-30 जनवरी, 2025	उदयपुर	63
6.	25 फरवरी - 06 मार्च, 2025	नई दिल्ली	51
		कुल	**401**

Integrating Craft Skills in School Education (ICSSE)

Education at all stages has been regarded as a powerful instrument for social transformation. The major task of education in India today is to usher in a democratic, socialistic secular society which removes prejudices among people. The objectives of introducing 'Integrating Craft Skills in School Education' (ICSSE) in the schools is to help with the realization of these goals. Therefore, not only does it form an integral part of the school curriculum, but also has its ramifications into other subjects of the school curriculum.

The National Policy on Education 2020 states that the basic emphasis in interlinking education and culture should be on helping a child to discover his hidden talent and to express it creatively. This can be achieved through a participative process, using their immediate environment, giving special emphasis to curriculum reorientation and motivating teachers to interact with the students at different levels. Students should be learning joyfully and exploring the world with uninhibited curiosity and sense of adventure.

Handicrafts in this country are an important part of our rich cultural heritage, which serve to satisfy the aesthetic needs of human beings and provide a vehicle for their urge for self expression. The real significance of handicrafts lies in the novelty and utility of each object.

Today, we are losing not only an ancient heritage but an essential element in our social composition which has been a strong cementing force. ICSSE in schools gives an opportunity to revive and keep alive the rich heritage and cultural traditions of our country and encourages creativity among students. During the workshop on ICSSE, the teachers get intensive training in 3 to 4 crafts. The crafts generally taught are Pottery, Clay Modelling, Peppier Mache, Mask Making, Tie & Dye, Rangoli, Wall decoration, Cane Work, Bamboo Work, Book Binding, Paper Toys, etc. Classes for teaching Songs in National Languages are also conducted to inculcate a spirit of communal harmony and a sense of respect for all the languages. Lecture-demonstrations and slide-shows are arranged on a variety of topics related to Indian Handicrafts and Culture and sessions on use of CCRT's educational material for creative activities in curriculum teaching are also organized.

Aims of the Workshop

- To revive an interest in Indian Crafts and study their relevance for contemporary life.
- To help teachers to value and recognise the importance of local craft resources.
- To guide teachers to formulate a syllabus for teaching crafts/ ICSSE, in schools with the awareness created during the Workshops.
- To learn about the lifestyles of craftspersons and recognise their contribution to the society.
- To instil in teachers, the importance of value and moral education, and to suggest projects that can be taken up while working for the welfare of the community.
- To inculcate the value of dignity of labour.
- To develop an aesthetic sensibility pertinent to Indian culture.

Sl. No.	Duration	Venue	No. of Participants
1.	June 25-July 04, 2024	Udaipur	62
2.	July 03-12, 2024	Damoh	45
3.	July 18-27, 2024	New Delhi	95
4.	September 18-27, 2024	Hyderabad	40
5.	October 16-25, 2024	Udaipur	77
6.	November 05-14, 2024	Guwahati	50
7.	December 10-19, 2024	New Delhi	50
8.	January 15-24, 2025	Damoh	43
9.	February 04-13, 2025	Guwahati	61
		Total	**523**

विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश

शिक्षा को सभी स्तरों पर सामाजिक परिवर्तनों का एक शक्तिशाली माध्यम माना जाता है। आज देश में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य लोगों को लोकतांत्रिक, समाजवादी, सर्वधर्म समभाव समाज के लिए तैयार करना है। शैक्षिक संस्थानों में 'शिक्षा में भारतीय कलारूपों और शिल्प कौशल का एकीकरण' कार्यान्वित करने का उद्देश्य इसी लक्ष्य की प्राप्ति करना है। इसलिए यह विद्यालय पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग ही नहीं है, बल्कि विद्यालय पाठ्यक्रम के अन्य विषयों से भी संबंध रखता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, शिक्षा को संस्कृति के साथ जोड़ने का मूल उद्देश्य, बच्चों में निहित प्रतिभा को खोजना एवं उसको रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने में सहायता करना है। इसकी प्राप्ति सीखने-सिखाने की प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रम के पुनः अनुस्थापन तथा अध्यापकों को विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थियों के साथ संबंध स्थापित करने की अभिप्रेरणा द्वारा हो सकती है।

हमारे देश की हस्तकलाएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर की अमूल्य देन हैं, जो मानव के सौन्दर्य-बोध की आवश्यकता एवं अभिव्यक्ति की जिज्ञासा का माध्यम है। हस्तकलाओं का वास्तविक महत्त्व प्रत्येक वस्तु के नयेपन व उपयोगिता में निहित है।

आज हम न केवल अपनी प्राचीन धरोहर खो रहे हैं, बल्कि सामाजिक संरचना के उस आवश्यक तत्त्व का भी ह्रास हो रहा है, जो समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। 'विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश' देश की समृद्ध धरोहर एवं सांस्कृतिक परम्पराओं के पुनर्गठन और इनको पुनः जीवित करने के अवसर प्रदान करता है तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करता है। 'विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश' कार्यशाला के दौरान अध्यापक 3-4 शिल्प कलाओं को गहन रूप से सीखते हैं। सामान्यतः मिट्टी के बर्तन बनाना, मिट्टी के खिलौने बनाना, पेपर मेशी, मुखौटे बनाना, बांधनी, रंगोली, बेंत का कार्य, जिल्दसाजी, कागज के खिलौने बनाना आदि शिल्प कलाएं सिखाई जाती हैं। सांप्रदायिक सद्भाव की चेतना और सभी भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने के लिए राष्ट्रीय भाषाओं में गीत सिखाने के लिए भी कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। भारतीय हस्तशिल्प एवं संस्कृति से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान तथा स्लाइड-प्रदर्शन किए जाते हैं, शिल्प में सौन्दर्य बोध पर विशेष बल दिया जाता है तथा पाठ्यक्रम शिक्षण में रचनात्मक गतिविधियों हेतु सीसीआरटी की शैक्षिक सामग्री का उपयोग किए जाने पर भी सत्र आयोजित किए जाते हैं।

कार्यशालाओं के उद्देश्य

- भारतीय शिल्प-कलाओं के प्रति रुचि जागृत करना और समकालीन जीवन में उनकी प्रासंगिकता का अध्ययन करना।
- स्थानीय शिल्प कला संसाधनों के महत्त्व को जानने में शिक्षक/शिक्षिकाओं की मदद करना।
- कार्यशाला के दौरान उत्पन्न नई जागृति के साथ विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश, पाठ्यक्रम के प्रतिपादन हेतु शिक्षकों/शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन करना।
- शिल्पकारों की जीवन-शैली के बारे में जानकारी हासिल करना और समाज में उनकी भूमिका की पहचान स्थापित करना।
- शिक्षक/शिक्षिकाओं के मन में शिक्षा के मूल्य का महत्त्व बिठाना, सांस्कृतिक शिक्षा प्रदान करना और उन्हें ऐसी परियोजनाएँ बनाने के लिए सुझाव देना, जिनका सामुदायिक कल्याण के कार्य के दौरान उपयोग हो सके।
- श्रम की महत्ता का भाव समाहित करना।
- भारतीय संस्कृति के प्रति सौंदर्यबोध की प्रासंगिकता विकसित करना।

क्रम संख्या	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	25 जून-04 जुलाई, 2024	उदयपुर	62
2.	03-12 जुलाई, 2024	दमोह	45
3.	18-27 जुलाई, 2024	नई दिल्ली	95
4.	18-27 सितम्बर, 2024	हैदराबाद	40
5.	16-25 अक्टूबर, 2024	उदयपुर	77
6.	05-14 नवम्बर, 2024	गुवाहाटी	50
7.	10-19 दिसम्बर, 2024	नई दिल्ली	50
8.	15-24 जनवरी, 2025	दमोह	43
9.	04-13 फरवरी, 2025	गुवाहाटी	61
		कुल	**523**

Our Cultural Diversity

The Workshop on "Our Cultural Diversity" focusses on promotion of national integration among the school students and how it can be made a part and parcel of their general ethos. The workshop is an initiative of CCRT, to generate awareness and enhance understanding of the rich culture of India. The Workshop aims to spread the message of universal brotherhood and respect for each religion and region.

The teachers are invited in this Workshop to take up the task of sensitizing school students to their role as the future guardians of the rich natural and cultural resources of our country. This Course motivates the teachers to learn more about the diverse culture of India, its knowledge system & tradition and also sensitizes them on human values, empathy, tolerance, human rights, gender equality, inclusion and equity which will cultivate respect for diversity. Equal respect for all religions with the idea to develop or bring back creative human endeavour has been the main focus of NEP 2020.

S.No.	Duration	Venue	No. of Participants
1.	September 17-26, 2024	Guwahati	71
2.	December 11-20, 2024	Udaipur	85
3.	January 21-30, 2025	Guwahati	90
		Total	**246**

Other workshops

CCRT organizes Workshops on "Theatre Arts in Education" for teachers with the objective of developing learning strategies through theatre to teach in areas of subject specific curriculum, social issues, life skills, etc. The inclusion of these workshops helps teachers attain optimal outcomes in the domains of cultural/artistic development and communication skills. The "Role of Museums in School Education" workshop emphasizes the use of museum resources as educational tools, encouraging experiential learning and fostering a deeper understanding of history, art, and culture among students. By integrating museum visits and activities into the curriculum, teachers can enhance student's critical thinking, observational skills, and appreciation for cultural heritage.

S.No.	Duration	Programme	Venue	No. of Participants
1.	June 25-29, 2024	Theatre Arts in Education	Nagpur	85
2.	October 14-18, 2024	Role of Museums in School Education	Hyderabad	67
3.	October 21-25, 2024	Role of Museums in School Education	New Delhi	85
4.	January 14-18, 2025	Theatre Arts in Education	Kolkata	106
5.	January 18-22, 2025	Theatre Arts in Education	Rishikesh	97
6.	January 28 to February 01, 2025	Theatre Arts in Education	Ramban J&K	81
			Total	**521**

हमारी सांस्कृतिक विविधता

'हमारी सांस्कृतिक विविधता' पर कार्यशाला स्कूली छात्रों के बीच राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और इसे उनके सामान्य लोकाचार का अभिन्न अंग बनाने पर केंद्रित है। यह कार्यशाला सीसीआरटी की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध संस्कृति के बारे में जागरूकता पैदा करना और उसकी समझ को बढ़ाना है। कार्यशाला का उद्देश्य सार्वभौमिक भाई-चारे और प्रत्येक धर्म एवं क्षेत्र के प्रति सम्मान का संदेश फैलाना है।

इस कार्यशाला में शिक्षकों को स्कूली छात्रों को हमारे देश के समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों के भावी संरक्षक के रूप में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने का कार्य करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह पाठ्यक्रम शिक्षकों को भारत की विविध संस्कृति, इसकी ज्ञान प्रणाली और परंपरा के बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें मानवीय मूल्यों, सहानुभूति, सहिष्णुता, मानवाधिकारों, लैंगिक समानता, समावेशिता और समता के प्रति भी संवेदनशील बनाता है जिससे विविधता के प्रति सम्मान का विकास होगा। सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और रचनात्मक मानवीय प्रयासों को विकसित करने या उन्हें वापस लाने के विचार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य ध्यान केंद्रित रहा है-

क्रम संख्या	अवधि	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	17-26 सितम्बर, 2024	गुवाहाटी	71
2.	11-20 दिसम्बर, 2024	उदयपुर	85
3.	21-30 जनवरी, 2025	गुवाहाटी	90
		कुल	**246**

अन्य कार्यशालाएँ

सीसीआरटी शिक्षकों के लिए 'शिक्षा में रंगमंच कला' पर कार्यशालाओं का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य विषय-विशिष्ट पाठ्यक्रम, सामाजिक मुद्दों, जीवन कौशल आदि के क्षेत्रों में शिक्षण हेतु रंगमंच के माध्यम से शिक्षण रणनीतियाँ विकसित करना है। इन कार्यशालाओं के आयोजन से शिक्षकों को सांस्कृतिक/कलात्मक विकास और संचार कौशल के क्षेत्र में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलती है। 'विद्यालय शिक्षा में संग्रहालयों की भूमिका' कार्यशाला संग्रहालय संसाधनों के शैक्षिक उपकरण के रूप में उपयोग पर जोर देती है, जिससे अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहित किया जा सके और छात्रों में इतिहास, कला और संस्कृति की गहरी समझ विकसित हो सके। पाठ्यक्रम में संग्रहालय भ्रमण और गतिविधियों को शामिल करके, शिक्षक छात्रों की आलोचनात्मक सोच, अवलोकन कौशल और सांस्कृतिक विरासत के प्रति प्रशंसा को बढ़ा सकते हैं-

क्रम संख्या	अवधि	कार्यक्रम	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1.	25-29 जून, 2024	शिक्षा में रंगमंच कला	नागपुर	85
2.	14-18 अक्टूबर, 2024	स्कूली शिक्षा में संग्रहालय की भूमिका	हैदराबाद	67
3.	21-25 अक्टूबर, 2024	स्कूली शिक्षा में संग्रहालय की भूमिका	नई दिल्ली	85
4.	14-18 जनवरी, 2025	शिक्षा में रंगमंच कला	कोलकता	106
5.	18-22 जनवरी, 2025	शिक्षा में रंगमंच कला	ऋषिकेश	97
6.	28 जनवरी - 01 फरवरी, 2025	शिक्षा में रंगमंच कला	रामबन-जम्मू एवं कश्मीर	81
			कुल	**521**

Statewise participation of Teachers in Workshops 2024-2025



Statewise participation of Teachers in Workshops 1979-2025



कार्यशालाओं में शिक्षकों/शिक्षिकाओं की राज्यवार प्रतिभागिता 2024-2025



कार्यशालाओं में शिक्षकों/शिक्षिकाओं की राज्यवार प्रतिभागिता 1979-2025



Workshops for Teacher-Trainers

CCRT is constantly in search of ways and means of broadening its base of work. In line with this objective, it has reinitiated the implementation of the concept project of Teacher Trainers in the year 2003. The project proved to be a successful venture and CCRT could reach the teachers working in the remote rural parts of the country through it. These Workshops stress on the need to present India as a cultural entity. Various themes covered under these Workshops are architectural and sculptural heritage, folklore and lifestyle of rural and tribal India, visual and oral performing and other fine arts of India, etc. The stress is on the need to go beyond the political and geographical boundaries and encourage the participants to share their heritage and values. The participants are trained to conduct short term workshops in the districts under the guidance of respective Principals and District Education Authorities.

SI No.	Duration	Programme	Venue	No. of Teachers Trained
1.	July 15-16, 2024	Cultural Inputs in Curriculum Teaching	New Delhi	41

Crafting of contemporary puppets by Teacher trainers

Teacher trainers with their certificates during Valedictory session

Short-term Workshops

In order to broaden its base at the grass root level and aiming larger number of training teachers, CCRT introduced the Direct Teacher Trainers Schemes. Under the scheme, previously trained teachers of the CCRT, doing good work in their areas, are further trained and are made responsible for organizing Short-term Workshops for the teachers at the district level. Short-term Workshops promote the development and nurturing of quality teachers.

Education is both a tool for and a reflection of cultural diversity. Education should raise awareness of the positive value of cultural diversity and threats to it, if any. The focus is on developing respect for one's native culture, traditions and language, promote tolerance for other cultures and capacity for cross-cultural communication.

शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए कार्यशालाएँ

सीसीआरटी ने लगातार कार्य के आधार को विस्तारित करने के तरीकों की खोज में वर्ष 2003 में शिक्षक-प्रशिक्षकों की परियोजना की अवधारणा के कार्यान्वयन को दोबारा शुरू किया । इस परियोजना से एक चुनौतीपूर्ण कार्य को करने में सफलता प्राप्त हुई और इसके माध्यम से देश के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में भी कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं तक पहुंचना आसान हुआ । इन कार्यशालाओं में भारत को एक सांस्कृतिक हस्ती वाले देश के रूप में प्रस्तुत करने पर बल दिया जाता हैं । इन कार्यशालाओं में विविध विषयों के अंतर्गत वास्तुशिल्पीय एवं मूर्तिकला सम्बंधित विरासत, लोक साहित्य तथा ग्रामीण एवं जन-जातीय भारत की जीवन शैली, भारत के दृश्यपरक तथा मौखिक कला प्रदर्शनों तथा अन्य ललित कलाओं आदि को शामिल किया जाता है । कार्यशाला में बच्चों को राजनैतिक तथा भौगोलिक सीमाओं से बाहर जाने पर बल देते हुए सांस्कृतिक विरासत एवं मूल्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जाता है। प्रतिभागियों को संबंधित प्रधानाचार्यों तथा जिला शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपने जिलों में लघु-अवधि की कार्यशालाएँ आयोजित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

क्र. सं.	अवधि	कार्यक्रम	स्थान	प्रशिक्षित शिक्षकों/शिक्षिकाओं की संख्या
1.	15-16 जुलाई, 2024	पाठ्यक्रम शिक्षण में सांस्कृतिक तत्व	नई दिल्ली	41

श्री राजीव कुमार (निदेशक, सीसीआरटी) प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

राजस्थानी लोक संगीत पर सत्र के दौरान प्रस्तुति देते हुए कलाकार

लघु-अवधि कार्यशालाएँ

सीसीआरटी ने बड़ी संख्या में अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के ध्येय को प्राप्त करने तथा उनके प्रशिक्षण की बुनियाद को आधारभूत स्तर पर विस्तार देने के लिए प्रत्यक्ष शिक्षक-प्रशिक्षक योजना पुनः आरंभ की। इस योजना के अन्तर्गत, सीसीआरटी के अच्छा कार्य कर रहे पूर्व प्रशिक्षित शिक्षक/शिक्षिकाओं को पुनः प्रशिक्षित किया जाता है और उन्हें जिला स्तर पर लघु अवधि कार्यशालाएँ आयोजित करने की जिम्मेदारी दी जाती है। लघु अवधि की कार्यशालाएँ शिक्षकों को एक योग्य एवं सक्षम शिक्षक बनाने में सहायता प्रदान करती हैं।

शिक्षा, सांस्कृतिक विविधता के लिए एक माध्यम का काम करती है। शिक्षा को सांस्कृतिक विविधता के मूल्यों के प्रति सकारात्मक एवं चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। कार्यशाला में देशज सांस्कृतिक परम्पराओं तथा भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने पर प्रकाश डाला जाता है व अन्य संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता की भावना तथा भिन्न सांस्कृतिक संप्रेषण की क्षमता विकसित की जाती है।

State-wise participation of trainees in short-term workshops 2003-2025



Short-term Programmes

In order to augment its activities in the State/UT, CCRT initiated a scheme of appointing senior level officers of State Education Department(s) as CCRT Nodal Officer. These incumbents extend their help and guidance to trained teachers for implementation of CCRT's mission at the grassroot level within the respective States/UTs.

The Nodal Officers forwarded a suggestion to register or to strengthen the presence of CCRT at the grassroot level by organizing 'Short Term Programme' in collaboration with State Education Departments with a two pronged approach. These 'Short Term Programmes' would not only create an awareness about CCRT's work amongst teachers within the State/UT but also inspire the participants to work more intensely in the area of introducing 'Cultural Education in Schools'. In addition, CCRT would also get enriched in identifying Experts/Resource persons for various educational activities.

Distance Learning Programme

CCRT trains in-service teachers by organizing various training programmes. A constant need is felt to increase the number of trained teachers. Distance learning is the ideal solution for providing access to learning, when the source of information is separated by time and distance. CCRT mooted the idea of starting a Distance Learning Programme.

CCRT has been recording the lectures/lecture-demonstration/panel discussions of prominent scholars, artists and educationists. These recordings have also been used for the programmes conducted through Distance Learning mode. CCRT in collaboration with State Education Department/RIE's/Colleges of Education has also started conducting training for in-service/pre-service teachers under Distance Learning Programmes.

लघु-अवधि कार्यशालाओं में प्रशिक्षणार्थियों की राज्यवार प्रतिभागिता 2003-2025



लघु-अवधि कार्यक्रम

सीसीआरटी ने राज्य/संघ शासित प्रदेशों में अपनी गतिविधियों में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा विभाग/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति सीसीआरटी नोडल अधिकारी के रूप में करने की एक योजना आरम्भ की है। ये अधिकारी अपने संबंधित राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में बुनियादी स्तर पर सीसीआरटी के उद्देश्यों को कार्यान्वित करने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की सहायता एवं उन्हें मार्ग निर्देशन में सहायता करते हैं।

नोडल अधिकारियों ने दो प्रमुख दृष्टिकोणों के साथ राज्य शिक्षा विभाग की सहभागिता से लघु अवधि के कार्यक्रमों के माध्यम से सीसीआरटी की उपस्थिति को मूलभूत स्तर पर बल प्रदान करने के लिए सुझाव भेजा। इन कार्यक्रमों से न केवल राज्य/संघ शासित प्रदेशों के शिक्षकों के मध्य सीसीआरटी के कार्यों के प्रति जागरूकता पैदा की जा सकेगी बल्कि प्रतिभागियों को 'विद्यालयों में सांस्कृतिक शिक्षा' को जोड़ने/शामिल करने के क्षेत्र में भी उन्हें गहन रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। इसके अलावा केन्द्र अपनी विविध शैक्षिक गतिविधियों के लिए विशेषज्ञों, स्रोत व्यक्तियों का चयन अच्छी तरह से करने में सक्षम होगा।

दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रम

सीसीआरटी द्वारा सेवारत शिक्षकों हेतु विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में वृद्धि करने की आवश्यकता लगातार महसूस की गई है। दूरस्थ शिक्षण के माध्यम से समय एवं दूरी की सीमा को लांघते हुए शिक्षण स्रोत तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। सीसीआरटी ने दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करने का विचार बनाया है।

विद्वानों/कलाकारों द्वारा दिये गए व्याख्यानों/व्याख्यान प्रदर्शनों/पैनल चर्चा की सीसीआरटी ने रिकार्डिंग की है। इन रिकार्डिंगों का उपयोग दूरस्थ कार्यक्रम में भी किया गया। राज्य शिक्षा विभाग/क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान/महाविद्यालयों की सहायता से सीसीआरटी ने सेवारत/पूर्व सेवारत शिक्षकों के लिए दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आरंभ किया है।

Evaluation and Feedback

Evaluation is a process of assessing and measuring the effectiveness of the training programmes. CCRT has been training school teachers from all parts of the country both in the rural and urban areas. Evaluation is an essential component of each training programme organized by CCRT. In every training programme, three or four evaluation sessions are conducted. The participants are given structured questionnaires so that they may express their views on different aspects of the course content. Various techniques of formal and informal evaluations are applied to assess the knowledge during the training programmes.

CCRT trains approximately 4000 teachers in the various "Orientation Courses" and Workshops on "Role of Puppetry in Education" from time to time in a year. A feedback programme has been designed to maintain regular contact with trainees to study their follow up work in schools and to evaluate the effectiveness of the programmes conducted and use of educational material provided. The evaluations and suggestions from trainees working in the schools assist CCRT in revitalizing and enriching its activities.

Refresher Course(s)

CCRT organizes Refresher Courses for teachers who have participated in its Orientation Course and Workshop on the Role of Puppetry in Education. They are invited on the basis of the work that they have been carrying out in their respective schools after being trained by CCRT. These courses are directed towards specific subjects, aiming to improve the quality of teaching of curriculum subjects with relevant activities connected with culture.

Aims of the Refresher Course(s)

- To obtain a feedback from trained teachers on CCRT's training programmes and educational materials for future improvements.
- To acquaint teachers with innovative teaching methods.
- To encourage schools to network with other centres of learning, such as museums, art galleries, research institutions, etc
- To encourage teachers to draw upon the creative human resources in the community and bring them to the school for interaction with students.

The content of each training programme is open-ended to a certain extent to meet the specific needs and requirement of different groups of trainees.

मूल्यांकन तथा पुनर्निवेश

मूल्यांकन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक जांच एवं समीक्षा प्रक्रिया है। सीसीआरटी देश भर के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करता रहा है। सीसीआरटी द्वारा आयोजित प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक अनिवार्य घटक है – मूल्यांकन। प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तीन या चार मूल्यांकन सत्र आयोजित किए जाते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को एक संरचनात्मक प्रश्नावली दी जाती है, ताकि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषयवस्तु के विभिन्न पहलुओं पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान ज्ञान के मूल्यांकन के लिए औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन की विभिन्न तकनीकों को लागू किया जाता है।

सीसीआरटी एक वर्ष में समय-समय पर आयोजित विभिन्न "अनुस्थापन पाठ्यक्रमों" एवं "शिक्षा में पुतली कला की भूमिका" पर कार्यशाला में करीब 4000 सेवारत शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण देता है। इन प्रतिभागियों द्वारा अपने विद्यालयों में आगे दिए जाने वाले कार्यों के अध्ययन, आयोजित कार्यक्रमों और दी गई शैक्षिक सामग्री की उपयोगिता तथा प्रभाव के मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षणार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए एक पुनर्निवेशन कार्यक्रम तैयार किया गया है। विद्यालयों में काम कर रहे इन प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त सुझाव और मूल्यांकन, केन्द्र के कार्यकलापों को और अधिक समृद्ध बनाने तथा इसको नवजीवन प्रदान करने में मदद करते हैं।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

सीसीआरटी उन शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करता है जिन्होंने शिक्षा में पुतली कला की भूमिका पर कार्यशाला में और अनुस्थापन पाठ्यक्रम में भाग लिया है। उन्हें सीसीआरटी द्वारा प्रशिक्षित होने के बाद उनसे संबंधित स्कूलों में किए गए काम के आधार पर आमंत्रित किया जाता है। इन पाठ्यक्रमों को विशिष्ट विषयों पर केंद्रित किया जाता है, जो संस्कृति से जुड़ी प्रासंगिक गतिविधियों के साथ पाठ्यचर्या विषयों के शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करने का लक्ष्य रखते हैं।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

- भविष्यगत सुधार हेतु सीसीआरटी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शैक्षिक सामग्रियों पर प्रशिक्षित शिक्षकों से प्रतिपुष्टि प्राप्त करना।
- नवाचारी शैक्षिक प्रविधियों के साथ शिक्षकों का परिचय कराना।
- विद्यालयों को अन्य शिक्षा-केंद्रों से जुड़ाव के लिए प्रेरित करना, जैसे-संग्रहालय, कला-वीथिकाएँ, शोध प्रतिष्ठान आदि।
- जन समुदाय में सृजनात्मक मानवीय स्रोतों के बारे में शिक्षकों का उत्साहवर्धन करना तथा विद्यार्थियों से संवाद हेतु स्कूलों में उन्हें प्रयोग में लाना।

प्रत्येक प्रशिक्षण-कार्यक्रम की विषय वस्तु को एक निश्चित सीमा-विस्तार तक खुला रखा जाता है ताकि विभिन्न प्रशिक्षणार्थी समूहों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

During the period from April 2024 to March 2025, CCRT has organized 04 Refreshers Courses as per the following details:

Refresher Courses organised in the year 2024-2025

Sl. No.	Refresher Course	Duration	Venue	No. of Teachers
1.	The Heritage of Creative Puppetry	August 06-10, 2024.	Udaipur	95
2.	An Integrated Approach to Education	October 14-18, 2024	New Delhi	127
3.	An Integrated Approach to Education	January 27-31, 2025	Hyderabad	26
4.	The Heritage of Creative Puppetry	February 24-28, 2025	Guwahati	49
			Total	**297**

Statewise participation of Trained Teachers in Refresher Course (Orientation Course) 2024-2025



Statewise participation of Trained Teachers in Refresher Course (Role of Puppetry in Education) 2024-2025



सीसीआरटी ने अप्रैल 2024 के दौरान निम्नलिखित विवरण के अनुसार 04 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए:

2024-2025 में आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

क्र.सं	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	अवधि	स्थान	शिक्षकों/शिक्षिकाओं की संख्या
1.	रचनात्मक पुतली कला की विरासत	06-10 अगस्त, 2024	उदयपुर	95
2.	शिक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण	14-18 अक्टूबर, 2024	नई दिल्ली	127
3.	शिक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण	27-31 जनवरी, 2025	हैदराबाद	26
4.	रचनात्मक पुतली कला की विरासत	24-28 फरवरी, 2025	गुवाहाटी	49
			कुल	**297**

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (अनुस्थापन पाठ्यक्रम) में प्रशिक्षित शिक्षकों की राज्यवार प्रतिभागिता 2024-25



पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (शिक्षा में पुतलीकला) में प्रशिक्षित शिक्षकों की राज्यवार प्रतिभागिता 2024-25



Cultural Club Scheme

The promotion, preservation and dissemination of information on India's cultural heritage have been the prime concern of CCRT. With these objectives in mind, CCRT has undertaken the task of setting up Cultural Clubs in schools. The Cultural Clubs provide an avenue to the students to form a collective voice to raise awareness of prevalent concerns and encourage active participation in fostering a welcoming, caring and a celebrative community.

Aims of the Cultural Club

- Motivate school students to acquire knowledge about India's rich natural and cultural heritage
- Sensitizing them towards appreciation of Indian Arts and Culture
- Develop a sense of respect towards continuity of traditions
- Empower children to undertake action-projects to conserve and preserve cultural ethos and become custodians of our heritage.
- Identify talented student(s) and encourage them to apply under Cultural Talent Search Scholarship Scheme implemented by CCRT.

State wise break-up of Cultural Clubs opened in schools in during 2024-25

Sl.No	State	No.of Clubs
1.	Arunachal Pradesh	01
2.	Andhra Pradesh	02
3.	Assam	01
4.	Bihar	04
5.	Chhattisgarh	10
6.	Goa	02
7.	Gujarat	13
8.	Haryana	03
9.	Jammu & Kashmir	05
10.	Jharkhand	01
11.	Karnataka	06
12.	Maharashtra	20
13.	Madhya Pradesh	01
14.	Odisha	01
15.	Punjab	02
16.	Pondicherry	02
17.	Rajasthan	02
18.	Sikkim	03
19.	Tamil Nadu	05
20.	Tripura	02
21.	Uttarakhand	01
22.	Uttar Pradesh	05
23.	West Bengal	19
	Total	**111**

This scheme also supports training in the form of dance, music, theatre and visual arts in schools of remote areas of the country. The scheme provides annually ₹ 7500/- as financial assistance to the school to run CCRT's Cultural Club.

During 2024-25, 111 new Cultural Clubs were opened. At present, 111 Cultural Clubs are operative in 23 states/UT's in different schools.

सांस्कृतिक क्लब योजना

भारतीय सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना, बनाए रखना तथा सूचना का प्रचार-प्रसार करना सीसीआरटी का मुख्य उद्देश्य है। इस उद्देश्य के लिए सीसीआरटी ने विद्यालयों में सांस्कृतिक क्लब स्थापित करने की योजना आरम्भ की। सांस्कृतिक क्लब, विद्यार्थियों में प्रचलित सरोकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक सामूहिक स्वर पैदा करने का मंच उपलब्ध कराते हैं तथा उन्हें गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए एक अनुकूल, सकारात्मक और मनोरंजक समूह बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

सांस्कृतिक क्लब के उद्देश्य

- विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में गहराई से जानने के लिए प्रेरित करना।
- उन्हें भारतीय कला और संस्कृति को जानने और समझने के लिए जागरुक करना।
- परम्पराओं की निरन्तरता के प्रति समझ का भाव पैदा करना।
- सांस्कृतिक लोकाचार के संरक्षण हेतु बच्चों को कार्ययोजनाएँ हाथ में लेने हेतु सक्षम करना एवं उन्हें हमारी विरासत का अभिरक्षक बनाना।
- प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करना तथा उन्हें सीसीआरटी द्वारा कार्यान्वित की जा रही सांस्कृतिक प्रतिभा छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित करना।

2024-25 के दौरान विद्यालयों में खोले गए सांस्कृतिक क्लबों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य	क्लबों की संख्या
1.	अरुणाचल प्रदेश	01
2.	आंध्र प्रदेश	02
3.	असम	01
4.	बिहार	04
5.	छत्तीसगढ़	10
6.	गोवा	02
7.	गुजरात	13
8.	हरियाणा	03
9.	जम्मू एवं कश्मीर	05
10.	झारखंड	01
11.	कर्नाटक	06
12.	महाराष्ट्र	20
13.	मध्य प्रदेश	01
14.	ओडिशा	01
15.	पंजाब	02
16.	पुदुचेरी	02
17.	राजस्थान	02
18.	सिक्किम	03
19.	तमिलनाडु	05
20.	त्रिपुरा	02
21.	उत्तराखंड	01
22.	उत्तर प्रदेश	05
23.	पश्चिम बंगाल	19
	कुल	**111**

यह योजना देश के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में नृत्य, संगीत, रंगमंच व अन्य दृश्य कलाओं में दी गई जानकारी एवं प्रशिक्षण को भी सार्थक बनाती है। योजना के अन्तर्गत चयनित विद्यालय को सीसीआरटी सांस्कृतिक क्लब चलाने हेतु ₹ 7500/- की वार्षिक आर्थिक सहायता दी जाती है।

2024-25 के दौरान 111 नए सांस्कृतिक क्लब खोले गए। वर्तमान में, 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों में 111 सांस्कृतिक क्लब कार्यरत है।

A Workshop on "Role of CCRT in Cultural Education" from February 11-15, 2025 has been organized at CCRT Regional Centre Udaipur in which 23 In-charge teachers of Cultural Club from 12 different State/UTs participated.

Sl.No	Course	Venue	Cultural Club In-charges Teachers
2.	"Role of CCRT in Cultural Education" from February 11-15, 2025	Regional Centre, Udaipur	23

Sl.No	State	No.of Participants
1.	Arunachal Pradesh	02
2.	Goa	02
3.	Gujarat	01
4.	Jammu & Kashmir	01
5.	Jharkhand	01
6.	Karnataka	03
7.	Maharashtra	05
8.	Odisha	01
9.	Rajashtan	01
10.	Tamil Nadu	02
11.	Uttar Pradesh	03
12.	West Bengal	01
	Total	**23**

"Swachhata Action Plan during 2024-25

The details of activities organised under Swachhta Action Plan (SAP) during the Financial year 2024-25

Sl. No.	Total No. of Pakhwada Organized	Total Number of Workshops Organized	Venue	No. of Participants/ Officials / Community Members /Teachers/ Students.
1.	10	29	CCRT Headquarters and its Regional Centres Hyderabad , Udaipur, Guwahati & Damoh	15,000

सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में 11-15 फरवरी, 2025 तक "सांस्कृतिक शिक्षा में सीसीआरटी की भूमिका" पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 12 विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सांस्कृतिक क्लब के 23 प्रभारी शिक्षकों ने भाग लिया।

क्रम संख्या	अवधि	स्थान	इन्चार्ज शिक्षक की संख्या
2.	'सांस्कृतिक शिक्षा में सीसीआरटी की भूमिका' 11-15 फरवरी, 2025 तक	क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर	23

क्रम. संख्या	राज्य	प्रतिभागियों की संख्या
1.	अरुणाचल प्रदेश	02
2.	गोवा	02
3.	गुजरात	01
4.	जम्मू और कश्मीर	01
5.	झारखंड	01
6.	कर्नाटक	03
7.	महाराष्ट्र	05
8.	ओडिशा	01
9.	राजस्थान	01
10.	तमिलनाडु	02
11.	उत्तर प्रदेश	03
12.	पश्चिम बंगाल	01
	Total	**23**

"स्वच्छता कार्य योजना 2024-25"

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) के अंतर्गत किये कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	आयोजित पखवाड़ा की कुल संख्या	आयोजित कार्यशाला की कुल संख्या	स्थान	प्रतिभागियों/अधिकारियों/ समोदय/शिक्षकों व छात्रों की कुल संख्या
1.	10	29	सीसीआरटी मुख्यालय एवं चारों क्षेत्रीय केन्द्र हैदराबाद, उदयपुर, गुवाहाटी और दमोह	15,000

Seminars

CCRT organizes Seminars stressing the continuing need to train personnel in all areas of cultural and educational development and advocating the existence of culturally well trained personnel for encouraging participation of the people at large in the cultural sphere. The participants of the Seminars are mainly District Education Officers/CCRT's Nodal Officers/Principals of DIET and B.Ed Colleges.

Aims of the Seminars

- Provide participants with an understanding of CCRT's aims and objectives.
- Create an understanding of the need for cultural education.
- Discuss and develop methodologies for implementation of CCRT programmes.
- Involve Administrators at the State level in the process of improving school education.
- Create an awareness of the importance of cultural education for all round development of the student's personality.
- To get feedback regarding implementation of the training in the schools.

Extension Services and Community Feedback Programme

CCRT believes in the fundamental value of enabling all children, young people and the community at large to experience and access a diverse range of creative and cultural activities because this:

- brings intrinsic pleasure and benefits;
- raises their aspirations;
- improves their academic achievements and skills;
- unlocks their imaginations;
- brings about lasting improvements in the quality of their lives.

CCRT organizes a variety of educational activities for school students and children studying in non-formal schools run by voluntary organizations under its Extension Services and Community Feedback Programme. The activities include:

- Educational tours to
  - Monuments - Museums - Art Galleries - Zoological Parks/Gardens
  - Craft Centres - Theme based special exhibitions
- Workshops on learning crafts using low cost locally available resources;
- Camps on Conservation of the Natural and Cultural Heritage;
- Lectures and demonstrations by artists and experts on various art forms;
- Demonstrations by artists and craft persons in schools and colleges;
- Slide-presentation supplementing class-room teaching;
- Workshops for children in resettlement and basti colonies;
- Workshops for *Divyang* students;
- Workshops on Puppetry in Education

A Summer Workshop "Indradhanush- 2024 Amritkaal" was organized in CCRT Headquarters, New Delhi and at four Regional Centres, Hyderabad, Udaipur, Guwahati and Damoh from May 20 to July 19, 2024 in which 475 children participated. Some of the creative activities such as Classical & Folk Dances, Contemporary Dance, Theatre in Education, Life Skills, Art of Story Telling, Radio Anchoring, Learning Songs in Indian Languages, Creative Writing, Calligraphy, Aesthetics in Photography, Contemporary

संगोष्ठी

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक विकास के सभी क्षेत्रों के कार्मिकों के सतत प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए, सांस्कृतिक जीवन में लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षित कार्मिकों के लिए स्कूलों में सांस्कृतिक शिक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित करता है। संगोष्ठी में मुख्यत: सीसीआरटी के नोडल अधिकारी, ज़िला शिक्षा अधिकारी, डाइट व बी. एड. कॉलेजों के प्रधानाचार्य प्रतिभागिता करते हैं।

संगोष्ठी का उद्देश्य

- प्रतिभागियों में सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र के लक्ष्य व उद्देश्यों की समझ विकसित करना।
- सांस्कृतिक शिक्षा की आवश्यकता के प्रति समझ विकसित करना।
- सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु प्रविधियों का विकास करना।
- स्कूली शिक्षा की सुधार प्रक्रिया में राज्य स्तर पर प्रशासकों को सम्मिलित करना।
- छात्रों/छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा की महत्ता के विषय में जागृति उत्पन्न करना।
- स्कूलों में प्रशिक्षण के कार्यान्वयन हेतु पुनर्निवेश प्राप्त करना।

विस्तार सेवाएं तथा समुदाय पुनर्निवेश कार्यक्रम

सीसीआरटी बुनियादी मूल्यों में विश्वास रखता है और इसी सोच के तहत बच्चों, युवाओं एवं समुदाय के लोगों को विविध रचनात्मक गतिविधियों से परिचित कराने में सहायता करता है, जिसके कारण :

- उन्हें गहरा आत्म-सुख एवं अनेक लाभ प्राप्त होते हैं।
- उनकी महत्त्वाकांक्षा में वृद्धि होती है।
- उनकी अकादमिक उपलब्धियों तथा कौशलों में सुधार होता है।
- उनकी कल्पनाओं को मूर्त रूप मिलता है।
- उनके जीवन स्तर में चिरस्थायी सुधार होता है।

सीसीआरटी अनौपचारिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों तथा स्कूली बच्चों के लिए विविध शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित करता है। इन गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :

- निम्नलिखित स्थानों के शैक्षिक भ्रमण
  - स्मारक
  - संग्रहालय
  - कला दीर्घाएँ
  - प्राणी-उद्यान/बगीचे
  - शिल्प केंद्र
  - विषय-वस्तु केन्द्रित विशिष्ट प्रदर्शनियाँ
- स्थानीय रूप से कम कीमत वाले संसाधनों का उपयोग करते हुए शिल्प सीखने से संबंधित कार्यशाला।
- प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर शिविर।
- विविध कलारूपों पर कलाकारों तथा विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान तथा प्रदर्शन।
- विद्यालयों और कॉलेजों में कलाकारों तथा शिल्पियों द्वारा व्याख्यान-प्रदर्शन।
- कक्षा-शिक्षण के पूरक रूप में स्लाइड-व्याख्यान।
- पुनर्वास एवं बस्ती कॉलोनी के बच्चों के लिए कार्यशालाएँ।
- दिव्यांग छात्रों/छात्राओं के लिए कार्यशालाएँ।
- शिक्षा में पुतली कला पर कार्यशालाएँ।

20 मई से 19 जुलाई, 2024 तक सीसीआरटी परिसर, नई दिल्ली एवं चार क्षेत्रीय केंद्र हैदराबाद, उदयपुर, गुवाहाटी और दमोह में ग्रीष्मकालीन शिविर 'इंद्रधनुष- 2024' का आयोजन किया गया जिनमें 475 बच्चों ने भाग लिया। कुछ रचनात्मक गतिविधियाँ जैसे शास्त्रीय और लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, शिक्षा में रंगमंच, जीवन कौशल, कहानी कहने की कला, रेडियो एंकरिंग एवं भारतीय भाषाओं में गीत सीखना, रचनात्मक लेखन, सुलेख, फोटोग्राफी में सौंदर्यबोध, समकालीन चित्रकला बंधेज की कला, बुक बाइंडिंग, मास्क बनाना, लकड़ी के खिलौने, मैक्रेम, गुड़िया बनाना, पेपर मेशी, मोती का काम, पेपर क्राफ्ट,

Painting and crafts like Tie and Dye, Book Binding, Mask Making, Making useful things from Waste Materials, Wooden Toys, Macrame, Papier Mache, Beads Work, Paper Craft, Rangoli, Pottery, Phad Paintings etc. were taught during the Workshop.

During the year 2024-2025, 179 Workshops have been organized under the Extension Services and Community Feedback Programme in which 45248 students were trained at CCRT Headquarter, New Delhi and Regional Centres, Hyderabad, Udaipur, Guwahati and Damoh respectively and Kolkata, West Bengal.

CCRT organised serveral programmes for children of Govt. School/NGOs in 2024-25.

Sl. No.	Name of Programme	No. of Students
1.	Har Ghar Tiranga	2500
2.	Kaveri Meets Ganga	830
	Total	**3330**

Statewise participation and no. of students trained in Extension Services and Community Feedback Programme/ Workshops 1979-2025



बंधेज की कला, बुक बाइंडिंग, मास्क बनाना, लकड़ी के खिलौने, मैक्रेम, गुड़िया बनाना, पेपर मेशी, मोती का काम, पेपर क्राफ्ट, रंगोली, मिट्टी के बर्तन बनाना, फड़ पेंटिंग शिल्प कला आदि सिखाई गई।

विस्तार सेवाएं तथा समुदाय पुनर्निवेश कार्यक्रम के तहत अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की अवधि के दौरान सीसीआरटी द्वारा 179 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसके अतर्गत सीसीआरटी3 मुख्यालय और क्रमशः हैदराबाद, उदयपुर, गुवाहाटी और दमोह स्थित क्षेत्रीय केंद्रों तथा कोलकाता, पश्चिम बंगाल में कुल 45248 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।

सीसीआरटी ने 2024-25 में सरकारी स्कूल/एनजीओ के बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए

क्रम संख्या	कार्यक्रम का नाम	छात्रों की संख्या
1.	हर घर तिरंगा	2500
2.	कावेरी मीट्स गंगा	830
	कुल	**3330**

विस्तार सेवाएँ तथा समुदाय पुनर्निवेश कार्यक्रम/कार्यशालाओं में प्रशिक्षित छात्रों की राज्यवार प्रतिभागिता 1979-2025



Collection of Resources

CCRT collects material on arts and crafts of the country in the form of audio recordings, slides, photographs, films and written texts in order to enrich the content of the Educational Kit and provide educational material to teacher trainees and other research students on the arts of India.

The areas to be documented by CCRT are chosen with a view to create an interest among students in the culture of various regions of the country and develop a sense of appreciation for the diversity and continuity of cultural traditions.

The main objectives of CCRT's documentation are:

- Production of educational material on various aspects of Indian Culture:
- Educational Kit which includes audio-visual materials and written texts;
- Publications on Cultural Education;
- Setting up of an Archive of Cultural Resources for research scholars;
- Distribution of materials on Cultural Education to schools from where teachers have been trained.

CCRT produced the following Audio-Visual programmes during the year 2024-2025:

The following CCRT produced Video Productions have been released during this financial year-

- **Gondhli Folk Artist of Maharashtra**

  This film is based on the performance of Gondhal and the Gondhali community, known for their unique blend of worship and performance. Traditionally nomadic, the Gondhalis are now more seasonal in thier movements. They revere goddesses like Bhawani and Renuka, performing rituals called "Gondhal" a ritualistic dance-drama narrating mythological stories and legends to ensure well-being for all. The Gondhali community serves as a custodian of Maharashtra's cultural heritage.

- **Dharohar**

  Dharohar Short Documentary film on the Success stories of CCRT Scholar Achiever (On the life and works of Smt. Insha Manzoor, Eminent Artist from Kashmir)

- Video production of theatrical Productions on Meera Bai titled - Krishna Bhakt Meera

स्रोतों का संग्रह

सीसीआरटी शैक्षिक किट की सामग्री को समृद्ध करने के लिए ऑडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफ, फिल्म और लिखित ग्रंथों के रूप में देश की कला और शिल्प पर सामग्री एकत्रित करता है और शिक्षक प्रशिक्षुओं और अन्य शोध छात्रों को भारतीय कला पर शैक्षिक सामग्री प्रदान करता है।

सीसीआरटी द्वारा प्रलेखित किए जाने वाले क्षेत्रों को देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति में छात्रों के बीच रुचि पैदा करने और संस्कृति परंपराओं की विविधता और निरंतरता के लिए प्रशंसा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से चुना गया है।

सीसीआरटी के दस्तावेज़ीकरण के मुख्य उद्देश्यः-

- भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं पर शैक्षिक सामग्री का उत्पादन।
- शैक्षिक किट तैयार करना जिनमें दृश्य-श्रव्य सामग्री तथा लिखित पाठ शामिल हैं।
- सांस्कृतिक शिक्षा पर प्रकाशन
- अनुसंधान विद्वानों के लिए सांस्कृतिक संसाधनों के पुरालेख की स्थापना।
- उन स्कूलों को सांस्कृतिक शिक्षा पर सामग्री वितरण जहां के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।

सीसीआरटी ने वर्ष 2024-2025 के दौरान निम्नलिखित श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम तैयार किए:

इस वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित सीसीआरटी निर्मित विडियो प्रोडक्शंस लोकार्पण किए गए-

- **महाराष्ट्र के गोंधली लोक कलाकार**

  यह फिल्म गोंधल और गोंधली समुदाय के प्रदर्शन पर आधारित है, जो अपनी पूजा और प्रदर्शन के अनूठे मिश्रण के लिए जाने जाते है। गोंधली पारंपरिक रूप से खानाबदोश थे। वे भवानी और रेणुका जैसी देवियों की पूजा करते हैं और ''गोंधल'' नामक अनुष्ठान करते हैं, जो सभी के कल्याण के लिए पौराणिक कथाओं और किंवदंतियों का वर्णन करने वाला एक अनुष्ठानिक नृत्य-नाटक है। गोंधली समुदाय महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में कार्य करता है।

- **धरोहर**

  सीसीआरटी स्कॉलर अचीवर की सफलता की कहानियों पर आधारित लघु वृत्तचित्र फिल्म (कश्मीर की प्रख्यात कलाकार श्रीमती इंशा मंजूर के जीवन और कार्यों पर)

- मीरा बाई पर नाट्य प्रस्तुति का वीडियो निर्माण, जिसका शीर्षक है 'कृष्ण भक्त मीरा'

Video Coverage and Still Photography

Video and still documentation of Har Ghar Tiranga, Hindi Pakhwada, CCRT Foundation day, World Music Day, Constitution day, International Yoga Day, Independence Day, Republic Day and other important activities held at CCRT from time to time during the year 2024-25.

Production of Educational Material

CCRT has been preparing a variety of materials on Cultural Education in the form of audio visuals and printed material. The material is given to schools from where teachers have been trained to use these in a variety of teaching and learning situations in the school for curriculum teaching and extension work. Besides this, the material is now available on sale also at CCRT Head Office and its Regional Centres.

Educational Kit

The Educational Kit consisting of audio-visual materials and publications of CCRT is provided to the institutions from where the teachers have been trained. The Kit is issued after evaluating the performance of the participating teacher(s) specifically in two training programmes i.e. Orientation Course and the Workshop on Role of Puppetry in Education. The CCRT trained teachers of institutions which are provided with an Educational Kit by CCRT are duly instructed to send regular half-yearly reports on the use of the material of the Kit in their classrooms, in other institutions and for the community.

Audio-Visual material distributed to the teachers during 2024-25

Audio-Visual Material	Quantity
Educational Kits	821
Songs in National Languages (Part1,2 and 3)	918
My Pledge to Freedom (Audio-CD)	918
Azadi ke Geet (Audio-CD)	817

वीडियो कवरेज एवं छायाचित्रण:

वर्ष 2024-25 के दौरान समय-समय पर सीसीआरटी में आयोजित हर घर तिरंगा, हिंदी पखवाड़ा, सीसीआरटी स्थापना दिवस, विश्व संगीत दिवस, संविधान दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का विडियो और स्थिर दस्तावेजीकरण किया गया।

शैक्षिक सामग्री का उत्पादन

सीसीआरटी सांस्कृतिक शिक्षा पर ऑडियो विजुअल और मुद्रित सामग्री के रूप में विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार करता रहा है। सामग्री उन स्कूलों को दी जाती है जहां से शिक्षकों को पाठ्यक्रम शिक्षण और विस्तार कार्य के लिए स्कूल में विभिन्न शिक्षण और सीखने की स्थितियों में इनका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, सामग्री अब सीसीआरटी मुख्यालय और उसके क्षेत्रीय केंद्रों पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध है।

शैक्षिक किट

सीसीआरटी द्वारा ऐसी संस्थाओं को जहाँ के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है, शैक्षिक किट उपलब्ध कराई जाती है। शैक्षिक किट में दृश्य-श्रव्य सामग्री तथा सीसीआरटी के प्रकाशन शामिल हैं। यह किट प्रतिभागी शिक्षक द्वारा विशेष रूप से दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों अर्थात अनुस्थापन पाठ्यक्रम तथा शिक्षा में पुतली कला की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेने पर उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने के बाद जारी की जाती है। जिस संस्था के सीसीआरटी प्रशिक्षित शिक्षकों/शिक्षिकाओं को सीसीआरटी द्वारा शैक्षिक किट प्रदान की जाती है उसे अपनी कक्षाओं, अन्य संस्थाओं तथा समुदाय के मध्य उपयोग करने संबंधी अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए जाते हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान शिक्षक/शिक्षिकाओं को वितरित दृश्य-श्रव्य सामग्री

दृश्य-श्रव्य सामग्री	मात्रा
शैक्षिक किट	821
राष्ट्रीय भाषाओं में गीत (भाग 1, 2 और 3)	918
स्वतंत्रता के लिए मेरी प्रतिज्ञा (ऑडियो-सीडी)	918
आज़ादी के गीत (ऑडियो-सीडी)	817

Statewise break-up of Educational Kits distributed during year 2024-2025



Statewise break-up of Educational Kits distributed during 1979 - 2025



वर्ष 2024-2025 में वितरित शैक्षिक किट का राज्यवार ब्यौरा



1979-2025 तक वितरित शैक्षिक किट का राज्यवार ब्यौरा



Publications

CCRT publications aim at providing an understanding and appreciation of different aspects of Indian art and culture. They also highlight the influence of nature on artistic expression so as to develop an understanding of the impact of environment on cultural manifestations. On successful participation in the training programmes, the participants are issued these publications for use in their institutions, nearby schools and for community at large.

New Publications

- CCRT Monthly Newsletter (August 2024 – March 2025)
- Annual Report 2023-24
- **Reprint**
  - National Symbols
  - Kathak Dance
  - Odissi Dance
  - Expression in Lines



CCRT Library

In the financial year 2024-25,160 number of books has been purchased. The details of the total number of books till date available in the libraries at CCRT Headquarters, New Delhi, and its Regional Centres at Hyderabad, Udaipur, and Guwahati meant for study and reference by teachers participating in various training programmes conducted from time to time, as well as by employees/officers and external users are as follows:

S.No	CCRT	Total Numbers of Books
1.	CCRT Headquarters, New Delhi	13,981
2.	CCRT Regional Centres, Udaipur	3,128
3.	CCRT Regional Centres, Hyderabad	3,696
4.	CCRTRegional Centres, Guwahati	3,677

प्रकाशन

सीसीआरटी के प्रकाशनों का लक्ष्य भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्षों के प्रति समझ व विवेक उत्पन्न करना है। इसके अन्तर्गत कलात्मकता व सौंदर्य के सहज प्रत्ययों पर प्रकाश डाला जाता है, ताकि सांस्कृतिक रूपों का आत्यंतिक मर्म एवं विशिष्टताएँ उद्घाटित हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सफलतापूर्वक प्रतिभागिता के पश्चात् प्रतिभागियों को उनके संस्थान, आस-पास के स्कूलों तथा जनसमुदाय में प्रयोग हेतु प्रकाशन सामग्री प्रदान की जाती है।

नए प्रकाशन

- **सीसीआरटी मासिक समाचार (अगस्त 2024-मार्च 2025)**
- **वार्षिक विवरण (2023-24)**
- **पुनर्मुद्रण**
  - राष्ट्रीय प्रतीक
  - कत्थक नृत्य
  - ओडिसी नृत्य
  - अभिव्यक्तियाँ रेखाएँ



सीसीआरटी पुस्तकालय

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली में कुल 160 पुस्तकें क्रय की गई। सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली व क्षेत्रीय केन्द्र हैदराबाद, उदयपुर एवं गुवाहाटी में समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आने वाले शिक्षकों के साथ-साथ कर्मचारी/अधिकारी एवं बाहरी व्यक्तियों के अध्ययन हेतु पुस्तकालय में उपलब्ध अब तक कुल पुस्तकों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	स्थान	पुस्तकों की कुल संख्या
1.	सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली	13,981
2.	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, उदयपुर	3,128
3.	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, हैदराबाद	3,696
4.	सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, गुवाहाटी	3,677

Scholarship and Fellowship Schemes

In order to preserve and promote the rich and diverse cultural heritage of India, CCRT annually implements scholarship and fellowship scheme. These schemes include identifying and promoting the traditional art forms including Tribal cultural arts and folk culture, languages, and festivals of the region.

The details of the Scholarship and Fellowship Schemes are as follows:

Cultural Talent Search Scholarship (CTSS) Scheme

The Cultural Talent Search Scholarship Scheme aims at providing facilities to selected meritorious young children to develop their talents in various performing, visual & literary art fields. Children in the age group of 10 to 14 years studying either in recognized schools or belonging to families practicing traditional art forms, are selected for the scholarships.

The scholarship awarded under the Scheme is initially for two years and is renewable after every two years till the completion of the first University degree stage of education or up to the age of 20 years, whichever is earlier, subject to the awardee maintaining satisfactory progress.

The CCRT provides **650 new scholarships** every year, out of which 100 scholarships are reserved for Tribal Culture/ST students. Special emphasis is given to arts and crafts which are on the verge of extinction. 125 scholarships are reserved for the children of families practicing traditional art forms. 20 scholarships are reserved for differently abled (Divyang) children and 30 Scholarships are reserved for Creative Writing /Literary Arts.

650 new scholarships were offered to the meritorious children during the year 2024-2025. The selection was carried out through preliminary screening of applications by Central selection committee followed by the interviews and practical assessments of shortlisted applicants purely on the basis of merit through Regional Selection Committees comprising of eminent artists, erudite scholars and senior Gurus from various art disciplines at 15 venues ensuring nationwide representation and inclusive participation from all States and Union Territories.

Central Selection Committee Meetings 2024-25 under CTSSS

छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति योजनाएँ

भारत के समृद्ध एवं विविध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु, सीसीआरटी प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति एवं अध्येतावृत्ति योजनाएँ लागू करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र की जनजातीय सांस्कृतिक कलाओं एवं लोक संस्कृति, भाषाओं और त्योहारों सहित पारंपरिक कला रूपों की पहचान एवं संवर्धन शामिल है।

छात्रवृत्ति एवं अध्येतावृत्ति योजनाओं का विवरण इस प्रकार है :

सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति (CTSS) योजना

सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य चयनित मेधावी युवा बच्चों में विभिन्न प्रदर्शनकारी, चाक्षुष एवं साहित्य कला के क्षेत्रों में निहित प्रतिभा को विकसित करना है। इस योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत 10 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों अथवा विलुप्त होती पारम्परिक कला शैलियों से जुड़े परिवारों के बच्चों का छात्रवृत्ति हेतु चयन किया जाता है।

योजना के अंतर्गत प्रारंभ में छात्रवृत्ति दो वर्ष के लिए दी जाती है और उसके प्रत्येक दो वर्ष बाद शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्तर की प्रथम डिग्री प्राप्त करने तक अथवा 20 वर्ष की आयु पूरी करने तक, जो भी पहले हो, संतोषजनक प्रगति के आधार पर जारी रखी जाती है।

सीसीआरटी द्वारा प्रति वर्ष **650 नई छात्रवृत्तियां** प्रदान की जाती हैं जिनमे 100 छात्रवृत्तियां जनजातीय संस्कृति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आबंटित होती हैं। ऐसी कला और शिल्पों पर विशेष बल दिया जाता है जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। 125 छात्रवृत्तियां ऐसे परिवारों से जुड़े बच्चों के लिए आरक्षित हैं जो पारंपरिक कला से जुड़े हैं। 20 छात्रवृत्तियां दिव्यांग बच्चों के लिए तथा 30 छात्रवृत्तियां रचनात्मक लेखन/ साहित्य कलाओं के लिए आरक्षित हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान **650 नई छात्रवृत्तियाँ** मेधावी बच्चों को प्रदान की गई। केंद्रीय चयन समिति द्वारा आवेदनों की प्रारंभिक जाँच के माध्यम से चयन किया गया, जिसके बाद विभिन्न कला विधाओं के प्रख्यात कलाकारों, प्रखर विद्वानों और वरिष्ठ गुरुओं वाली क्षेत्रीय चयन समितियों द्वारा योग्यता के आधार पर चयनित आवेदकों के साक्षात्कार और व्यावहारिक मूल्यांकन किए गए। इस प्रकार, 15 स्थानों पर राष्ट्रव्यापी प्रतिनिधित्व और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित की गई।

सीटीएसएसएस के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शन 2024-25

Statewise break-up of Scholarships awarded under CTSSS for the year 2024-2025



Statewise break-up of Scholarships awarded under CTSSS during 1982-2025



Scheme of "Award of Scholarships to Young Artistes (SYA) in Different Cultural Fields":

The Scheme for "Award of Scholarships to Young Artistes (SYA) in different Cultural fields" has also been transferred to CCRT partially under which **400 scholarships** are provided in the age group of 18 to 25 years in the field of Indian Classical Music, Classical Dances, Light Classical Music, Theatre, Visual Arts and Folk/ Traditional and Indigenous Arts. Each scholar is paid ₹5000/- (Rupees Five thousand only) per month for a period of two years to cover his/her living expenses on travelling, books, art material or other equipment and tuition or training etc.

This year, **400 new scholarships** were awarded to meritorious young artistes under SYA scheme for the year 2022–2023 based on interviews and tests conducted through online Expert Committee Meetings. These committees were constituted by the Scholarship & Fellowship Section of the Ministry of Culture to ensure a fair, transparent, and rigorous evaluation process.

वर्ष 2024-2025 हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का राज्यवार ब्यौरा



वर्ष 1982-2025 के दौरान सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का राज्यवार ब्यौरा



"विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना"

सीसीआरटी को 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों (एसवाईए) को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना' सौंपी गई है, जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, सुगम संगीत, नाटक, चाक्षुष और लोक/पारंपरिक और देशज कला के क्षेत्र में 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग में **400 छात्रवृत्तियाँ** प्रदान की जाती हैं। प्रत्येक अध्येता को यात्राओं, पुस्तकों की खरीद, कला सामग्री तथा अन्य उपकरण एवं शिक्षण या प्रशिक्षण शुल्क आदि के खर्च के लिए ₹ 5000/- (रुपये पाँच हजार केवल) प्रति माह दो साल की अवधि के लिए भुगतान किया जाता है।

इस वर्ष, ऑनलाइन विशेषज्ञ समिति बैठकों के माध्यम से आयोजित साक्षात्कारों और परीक्षा के आधार पर, वर्ष 2022-23 के लिए एसवाईए योजना के अंतर्गत मेधावी युवा कलाकारों को 400 नई छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई। निष्पक्ष, पारदर्शी और कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संस्कृति मंत्रालय के छात्रवृत्ति एवं अध्येतावृत्ति अनुभाग द्वारा इन समितियों का गठन किया गया था।

Fellowship Scheme for the "Award of Fellowships to Outstanding Persons in the Field of Culture":

CCRT is implementing partially the scheme titled "Fellowship to outstanding individuals doing outstanding work in the field of culture". Under this Scheme 200 each of the Junior and Senior Fellows are selected. Awardees are paid grant money @ ₹10,000/- and ₹ 20,000/- per month respectively for a period of two years. The focus of this scheme is on "in-depth study/research" in various facets of culture. These include new emerging areas of Cultural Studies also.

- For the year 2022-23, a total 200 candidtates were selected for Junio Fellowships and 200 candidates were slected for Senior Fellowships by the duly constituted Expert committees of Ministry of Culture, Govt. of India.

National Cultural Festivals and other activities

CCRT organizes cultural festivals to promote aesthetic and cultural values, foster harmony and creativity among youth, and encourage appreciation of diverse artistic traditions. These festivals aim to channel the energy of young people into constructive pursuits, celebrating India's unity in diversity and enriching their experience through the beauty of the arts.

The festivals and activities undertaken by CCRT under Ministry of Culture, in the past one year are as follows;

- **National Cultural Festival for Scholarship-holders**

  CCRT organized National Cultural Camp Cum Festival titled ''Dance Music Ensemble" based on the musical compositions of Meerabai and Workshop cum Exhibition on visual arts dedicated to R K Laxman, Indian Cartoonist and Illustrator from **May 27, 2024 to June 02, 2024** in CCRT Campus, New Delhi.

  In this festival 55 Scholarship holders/Young Artistes/ Fellows were participate from 07 different States/UTs namely Delhi, Chandigarh, Rajasthan, Uttar Pradesh, Himachal Pradesh, Haryana & Uttarakhand.

  The synchronized production of dance – music ensemble was composed & directed by Pandit Chetan Joshi and dance choreography by Vidushi Preeti Srivastava was presented on **June 02, 2024.** The visual arts workshop dedicated to R K Laxman was mentored by Shri Prabhas Roy & Dr Ujjwal Suresh Kadode and an exhibition was also organized on June 02, 2024.

- **Residential Camp for CCRT's Scholarship Holders and Fellows from 26th to 28th August, 2024**

  CCRT hosted a three-day residential camp for its scholarship holders and fellows, featuring a synchronized dance and music production based on Meerabai's compositions. The showcase, held on August 28th, 2024, at Bharatmuni Natyagriha, CCRT, New Delhi, was graced by Shri Gajendra Singh Shekhawat, Hon'ble Minister of Culture & Toursim, Govt. of India as Chief Guest and involved 32 talented participants.

'संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए अध्येतावृत्ति प्रदान करने की योजना'

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की योजना ''संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति प्रदान करने की योजना'' को सीसीआरटी आंशिक रूप से लागू करता है। इस योजना के कनिष्ठ अध्येता एवं वरिष्ठ अध्येता (फेलो) प्रत्येक के लिए अध्येताओं का चयन किया जाता है। चयनित अध्येताओं को क्रमशः दो वर्ष की अवधि के लिए ₹10000/- और ₹ 20,000/- प्रति माह अनुदान राशि का भुगतान किया जाता है योजना का केन्द्र बिन्दु संस्कृति के विविध आयामों में 'गहन अध्ययन/अनुसंधान' है। जिसमें सांस्कृतिक अध्ययन के नए उभरते क्षेत्र भी शामिल है।

- वर्ष 2022-23 के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने कनिष्ठ अध्येतावृत्ति हेतु 200 तथा वरिष्ठ अध्येतावृत्ति हेतु 200 अभ्यर्थियों का चयन किया।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव और अन्य गतिविधियाँ

सीसीआरटी युवाओं में कलात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने, सद्भाव और रचनात्मकता को बढ़ावा देने और विविध कलात्मक परंपराओं की सराहना को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करता है। इन उत्सवों का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक गतिविधियों में लगाना, भारत की विविधता में एकता का उत्सव मनाना और कला की सुंदरता के माध्यम से उनके अनुभव को समृद्ध बनाना है।

पिछले एक वर्ष में संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सीसीआरटी द्वारा आयोजित उत्सव और गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:-

- **छात्रवृत्ति धारकों के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव**

सीसीआरटी ने मीराबाई की संगीत रचनाओं पर आधारित 'नृत्य संगीत समूह' नामक राष्ट्रीय सांस्कृतिक शिविर सह महोत्सव और भारतीय कार्टूनिस्ट एवं चित्रकार आर. के. लक्ष्मण को समर्पित दृश्य कला पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी का आयोजन 27 मई, 2024 से **2 जून, 2024** तक सीसीआरटी परिसर, नई दिल्ली में किया।

इस महोत्सव में दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे 7 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 55 छात्रवृत्ति धारकों/युवा कलाकारों/अध्येताओं ने भाग लिया।

नृत्य-संगीत समूह का समन्वित निर्माण पंडित चेतन जोशी द्वारा रचित और निर्देशित किया गया था और विदुषी प्रीति श्रीवास्तव द्वारा नृत्य कोरियोग्राफी **2 जून, 2024** को प्रस्तुत की गई थी। आर. के. लक्ष्मण को समर्पित दृश्य कला कार्यशाला का मार्गदर्शन श्री प्रभास रॉय और डॉ. उज्ज्वल सुरेश कडोडे ने किया था और **2 जून, 2024** को एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी।

- **सीसीआरटी के छात्रवृत्ति धारकों और अध्येताओं के लिए आवासीय शिविर 26 से 28 अगस्त, 2024**

सीसीआरटी ने अपने छात्रवृत्ति धारकों और अध्येताओं के लिए तीन दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया, जिसमें मीराबाई की रचनाओं पर आधारित एक समन्वित नृत्य और संगीत की आयोजित प्रस्तुत की गई। 28 अगस्त, 2024 को भरतमुनि नाट्यगृह, सीसीआरटी, नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और कुल 32 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **Rashtriya Sanskriti Utsav - "Ek Bharat Shreshtha Bharat"**

  CCRT organized Rashtriya Sanskriti Utsav Under the theme of "Ek Bharat Shreshtha Bharat" from November 2 to 8, 2024 at Bharatmuni Natyagrah, CCRT, New Delhi. 69 scholarship holders and young artists participated in the above program and a dance drama was staged by the scholarship holder's and youth artists.

- **National Cultural Camp cum Festival under "Ek Bharat Shreshtha Bharat"**

  CCRT organized a National Cultural Camp-cum-Festival titled "Ek Bharat Shreshtha Bharat" from January 7 to 11, 2025, at the CCRT Campus, New Delhi. Thirty (30) scholarship holders/young artistes from various states/UTs participated in this festival.

Collaborative Programmes & New Initiatives

- **Swadeshi Mela 2024-25**

  CCRT Scholarship and Fellowship holders showcased their talents on October 22-23, 2024, at the Swadeshi Mela 2024, held at the CCRT Campus in New Delhi. This event was organized by the Swadeshi Mela Team, New Delhi, in collaboration with CCRT, New Delhi.

- **Cultural Programme during Mera Samvidhan Mera Swabhiman Pad Yatra**

  CCRT, in collaboration with Nehru Yuva Kendra, deputed three Haryanvi folk dance teams comprising 30 performers for a cultural presentation on November 25, 2024. The performances took place during the Mera Samvidhan Mera Swabhiman event held at Major Dhyan Chand National Stadium, India Gate Circle, New Delhi – 110001. The vibrant showcase highlighted the traditional dance heritage of Haryana and added a spirited regional flavor to the national celebration.

- **Sahitya Akademi's Book fair, "Pustakyan"**

  Sahitya Akademi's Book Fair "Pustakyan" held from December 6-15, 2024, featured daily performances by 15 CCRT scholarship holders, who showcased their talent throughout the event.

- **Ritual and Rhythms of India**

  CCRT organized a programme titled 'Ritual and Rhythms of India' on the occasion of Makar Sankranti Utsav, held on January 13, 2025, at Ashoka Road, New Delhi. On this occasion, Shri Vetri Boopathy delivered a captivating performance, showcasing his talent and celebrating the rich cultural spirit of the festival.

- **Cultural presentation at International seminar organized by Election Commission of India**

  On January 23, 2025, the CCRT presented a cultural program at an International Seminar organized by the Election Commission of India (ECI). During the event, 16 CCRT scholarship and fellowship holders showcased the dance production "Nritya Tarang", under the expert guidance of Dr. Shaumbhavi Shukla Mishra, a renowned CCRT expert. The performance, which was part of the international conference hosted by the ECI, received a letter of appreciation from the ECI for its exceptional contribution.

- **Cultural Curation" in the Mahakumbh Mela, Prayagraj**

  CCRT was an integral part of the "Cultural Curation" at the Maha Kumbh Mela, held in Prayagraj, Uttar Pradesh, from January 13th to February 26th, 2025. During the event, seven teams from CCRT performed at the Triveni Manch as part of the celebrations at the Maha Kumbh Mela 2025.

- **Orientation Training Programme for the ICCR empaneled Artists to be deputed for Mission Posts**

  Centre for Cultural Resources and Training (CCRT) successfully conducted a comprehensive orientation and training program for performing art teachers-cum-performers in seven disciplines: Kathak, Tabla, Kuchipudi, Bharatnatyam, Odissi, and Hindustani Vocal.This residential program, held from March 6-12, 2025, was designed to equip 64 participants, deputed by the Indian Council for Cultural Relations (ICCR), with the skills and knowledge necessary to promote Indian cultural heritage globally through ICCR's Cultural Centers abroad

- **राष्ट्रीय संस्कृति उत्सव - ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत''**

  सीसीआरटी ने 2 से 8 नवंबर, 2024 तक भरतमुनि नाट्यग्रह, सीसीआरटी, नई दिल्ली में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" विषय के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्कृति उत्सव का आयोजन किया। उपरोक्त कार्यक्रम में 69 छात्रवृत्ति धारकों और युवा कलाकारों ने भाग लिया और छात्रवृत्ति धारकों और युवा कलाकारों द्वारा एक नृत्य नाटक का मंचन किया गया।

- **''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के अंतर्गत राष्ट्रीय सांस्कृतिक शिविर-सह-महोत्सव**

  सीसीआरटी ने 7-11 जनवरी, 2025 तक सीसीआरटी परिसर, नई दिल्ली में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' नामक एक राष्ट्रीय सांस्कृतिक शिविर-सह-महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों/केंन्द्र शासित प्रदेशों के तीस (30) छात्रवृत्ति धारकों/युवा कलाकारों ने भाग लिया।

सहयोगात्मक कार्यक्रम और नई पहल

- **स्वदेशी मेला 2024-25**

  सीसीआरटी छात्रवृत्ति और फेलोशिप धारकों ने 22-23 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली स्थित सीसीआरटी परिसर में आयोजित स्वदेशी मेला 2024 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम स्वदेशी मेला टीम, नई दिल्ली द्वारा सीसीआरटी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया था।

- **मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान पद यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम**

  सीसीआरटी ने नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से 25 नवंबर, 2024 को एक सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 30 कलाकारों वाली तीन हरियाणवी लोक नृत्य टीमों को तैनात किया। ये प्रदर्शन मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, इंडिया गेट सर्कल, नई दिल्ली - 110001 में आयोजित मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम के दौरान हुए। इस जीवंत प्रदर्शन ने हरियाणा की पारंपरिक नृत्य विरासत को उजागर किया और राष्ट्रीय उत्सव में एक उत्साहपूर्ण क्षेत्रीय रंग भर दिया।

- **साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला, 'पुस्तकायन'**

  साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला 'पुस्तकायन', जो 6-15 दिसंबर, 2024 तक आयोजित किया गया था, में 15 सीसीआरटी छात्रवृत्ति धारकों ने प्रतिदिन अपनी प्रस्तुतियाँ दीं और पूरे कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- **भारत के अनुष्ठान और लय**

  सीसीआरटी ने मकर संक्रांति उत्सव के अवसर पर 13 जनवरी, 2025 को अशोका रोड, नई दिल्ली में 'भारत के अनुष्ठान और लय' नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, श्री वेत्री भूपथी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए और उत्सव की समृद्ध सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए एक मनमोहक प्रस्तुति दी।

- **भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सांस्कृतिक प्रस्तुति**

  23 जनवरी, 2025 को, सीसीआरटी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान, सीसीआरटी के 16 छात्रवृत्ति और फेलोशिप धारकों ने प्रसिद्ध सीसीआरटी विशेषज्ञ डॉ. शांभवी शुक्ला मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में नृत्य प्रस्तुति 'नृत्य तरंग' का प्रदर्शन किया। यह प्रस्तुति, जो कि ईसीआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हिस्सा थी, को इसके असाधारण योगदान के लिए ईसीआई से प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ।

and Mission/Posts. Twelve CCRT-empanelled artists expertly crafted the training modules, incorporating both theoretical and practical sessions for each art form, ensuring a holistic learning experience for the participants. This initiative underscores CCRT's commitment to aligning with ICCR's objectives and fostering cultural diplomacy, while promoting India's rich cultural heritage worldwide.

Project "Sanskriti" at Varanasi

Project 'Interpretation Centres at Varanasi' is an initiative of Ministry of Culture in developing/establishing of interpretation Centres in Educational Institutions in Varanasi envisioned by Hon'ble Prime Minister. In his speech in Varanasi on December 25, 2014 he stressed the need for developing some schools and colleges in Varanasi in a way that they have mastery over any luminary of Varanasi or over any theme regarding the heritage of Varanasi.

In this endeavour, CCRT has been designated as a Nodal agency to coordinate the initiative of Ministry of Culture in developing/ establishing Interpretation Centres in Educational Institutions in Varanasi. CCRT is working with its chosen institutions to work on the themes of Mahamana Malviya, Jaishankar Prasad, Sampoornanand, Swami Karpatri ji, Kashi Naresh, Pt. Lal Bahadur Shastri and Pt. Vidya Niwas Mishra. The chosen institutions are conceptualizing a variety of activities ranging from developing museum corners, debates, padyatras, literary competitions, recitation of writings of these literary figures, etc. Name of the institutions

The name of the Interpretation Centres under CCRT are as per details below:

Sl. No.	Name of the Educational Institutions	Theme of the Interpretation Centres
1.	Mahamana Malviya Inter College, Bachhav, Varanasi	Pt. Mahamana Madan Mahamana Malviya
2.	Nivedita Shiksha Sadan Balika Inter College, Varanasi	Rani Laxmibai
3.	Bharatiya Shiksha Mandir Inter College, Englishia Line, Varanasi	Swami Karpatri ji
4.	Gurunanak Khalsa Inter College, Gurubagh, Varanasi	Sant Ravidas
5.	C.M Anglo Bengali Inter College, Bhelpur, Varanasi	Sant Chintamani Mukherjee
6.	National Inter College, Pindara, Varanasi	Dr. Vidya Niwas Mishra
7.	Radha Kishori Rajkiya Balika Inter College, Ram Nagar, Varanasi	Kashi Naresh
8.	Rajkiya Balika Inter College, Maldahiya, Varanasi	Shri Lal Bahadur Shastri
9.	Gangapur Inter College, Gangapur, Varanasi	Dr. Sampoornanand
10.	Vivekananda Abhinav Shikshan Sansthan, Lohatiya, Varanasi	Swami Vivekananda

CCRT organized a 5-day Cultural Workshop at six Interpretation Centers in Varanasi, Uttar Pradesh, from January 22 to 26, 2025. The workshop witnessed the active participation of approx 500 students, who took part in a range of activities aimed at promoting and preserving India's rich cultural heritage.

- **प्रयागराज के महाकुंभ मेले में 'सांस्कृतिक क्यूरेशन'**

सीसीआरटी, 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के 'सांस्कृतिक क्यूरेशन' का एक अभिन्न अंग था। इस कार्यक्रम के दौरान, सीसीआरटी की सात टीमों ने महाकुंभ मेला 2025 के समारोहों के एक भाग के रूप में त्रिवेणी मंच पर प्रदर्शन किया।

- **आईसीसीआर के पैनल में शामिल कलाकारों के लिए मिशन पोस्टों पर प्रतिनियुक्ति हेतु अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम**

सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) ने सात विधाओं: कथक, तबला, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, ओडिसी और हिंदुस्तानी गायन में प्रदर्शन कला शिक्षकों-सह-कलाकारों के लिए एक व्यापक अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। 6-12 मार्च, 2025 तक आयोजित इस आवासीय कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा प्रतिनियुक्त 64 प्रतिभागियों को आईसीसीआर के विदेश स्थित सांस्कृतिक केंद्रों और मिशन/पोस्टों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक कौशल और ज्ञान से सुसज्जित करना था। सीसीआरटी के पैनल में शामिल बारह कलाकारों ने प्रशिक्षण मॉड्यूल को कुशलतापूर्वक तैयार किया, जिसमें प्रत्येक कला रूप के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों सत्र शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों के लिए एक समग्र शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हुआ। यह पहल आईसीसीआर के उद्देश्यों के साथ तालमेल बिठाने और सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया भर में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए सीसीआरटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

वाराणसी में ''संस्कृति'' परियोजना

'वाराणसी में व्याख्या केंद्र' परियोजना, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित वाराणसी के शैक्षणिक संस्थानों में व्याख्यान केंद्रों के विकास/स्थापना में संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है। 25 दिसंबर, 2014 को वाराणसी में अपने भाषण में उन्होंने वाराणसी में कुछ स्कूलों और कॉलेजों को इस तरह विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि उन्हें वाराणसी के किसी भी प्रमुख व्यक्ति या वाराणसी की विरासत से संबंधित किसी भी विषय पर महारत हासिल हो।

इस प्रयास में, सीसीआरटी को वाराणसी के शैक्षणिक संस्थानों में व्याख्यान केंद्रों के विकास/स्थापना में संस्कृति मंत्रालय की पहल का समन्वय करने के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। सीसीआरटी अपने चुने हुए संस्थानों के साथ मिलकर महामना मालवीय, जयशंकर प्रसाद, संपूर्णानंद, स्वामी करपात्री जी, काशी नरेश, पंडित लाल बहादुर शास्त्री और पंडित विद्या निवास मिश्र के विषयों पर काम कर रहा है। चयनित संस्थान संग्रहालय कोनों के विकास, वाद-विवाद, पदयात्रा, साहित्यिक प्रतियोगिताओं, इन साहित्यकारों की रचनाओं के पाठ आदि से लेकर विभिन्न गतिविधियों की संकल्पना कर रहे हैं। संस्थानों के नाम:-

सीसीआरटी के अंतर्गत व्याख्यान केंद्रों के नाम नीचे दिए गए विवरण के अनुसार हैं

क्र. संख्या	शैक्षिक संस्थाओं के नाम	संपर्क केन्द्रों की विषय वस्तु
1.	महामना मालवीय इन्टर कॉलेज, बछावं, वाराणसी	महामना पं. मदन मोहन मालवीय
2.	निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इन्टर कॉलेज, वाराणसी	रानी लक्ष्मीबाई
3.	भारतीय शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज, इंग्लिशिया लाइन, वाराणसी	स्वामी करपात्री जी
4.	गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज, गुरुबाग, वाराणसी	संत रविदास
5.	सी.एम. एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, भेलूपुर, वाराणसी	संत चिंतामणि मुखर्जी
6.	नेशनल इंटर कॉलेज, पिंडारा, वाराणसी	डॉ. विद्यानिवास मिश्र
7.	राधा किशोरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रामनगर, वाराणसी	काशी नरेश
8.	राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मलदहिया, वाराणसी	श्री लाल बहादुर शास्त्री
9.	गंगापुर इन्टर कॉलेज, गंगापुर, वाराणसी	डॉ. सम्पूर्णानंद
10.	विवेकानंद अभिनव शिक्षण संस्थान, लोहटिया, वाराणसी	स्वामी विवेकानन्द

सीसीआरटी ने 22 से 26 जनवरी, 2025 तक उत्तर प्रदेश के वाराणसी में छह व्याख्यान केंद्रों पर 5 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में लगभग 500 छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की, जिन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों में भाग लिया।

Project under Azadi ka Amrit Mahotsav

DIGITAL DISTRICT REPOSITORY (DDR) PROJECT

As a component of Azadi Ka Amrit Mahotsav initiative, which commemorates 75 years of India's independence, the Digital District Repository (DDR) Project is being implemented by the Centre for Cultural Resources and Training (CCRT), an autonomous organization of Ministry of Culture, Govt. of India in collaboration with Education and Cultural Deptt. of various States/UTs, district administrations, and other cultural organizations. The DDR is part of a broader initiative that aims to celebrate India's diverse cultural heritage by organizing a range of cultural, educational, and social events across the country. Overall, the DDR scheme is a significant step towards making India digitally empowered and reviving the lost glory of our rich historical freedom struggle. CCRT has been conducting workshops throughout India, both online and offline, to collect stories from various states and UTs. These workshops have been successful in training teachers and educators from prestigious educational institutes and universities. The Ministry of Culture has commended CCRT's efforts in documenting local history, including unsung heroes, traditions, and folklore related to the freedom struggle.

DIGITAL DISTRICT REPOSITORY(DDR) Stories:

CCRT has been entrusted with the task of collecting 5,000 stories/snippets under the 'DDR Project' phase-I, and CCRT has collected 10115 stories from all over the country. 5370 stories have been duly edited, vetted and sent to the Ministry of Culture, out of which 4792 stories have been uploaded on the Azadi ka Amrit Mahotsav website.

CCRT has been again entrusted with the task of collecting another 5,000 stories/snippets under the DDR Project in phase-II since March 2024 and CCRT has collected 5811 stories upto 31 March, 2025 and 5421 stories have been duly edited, vetted and sent to the Ministry of Culture, out of which 3304 stories have been uploaded on the website of Azadi Ka Amrit Mahotsav.

The Details of Workshops organized by CCRT during 01April 2024 to 31 March 2025 under DDR Project are as Follows:

S. No	Venue of the workshop	District	State	Duration	Number of Participants
1.	Kirorimal College, Delhi University	New Delhi	New Delhi	06 – 07 May, 2024	150
Second Phase					
2.	Alluri Ramakrishna Raju MPL High School	Bhimavaram	Andhra Pradesh	17-18 February, 2025	85
				Total	**235**

Two days workshop at Kirorimal College, Delhi University from 06-07 May, 2024

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत परियोजना

डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी (DDR) परियोजना

आजादी का अमृत महोत्सव पहल के एक घटक के रूप में, जो भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाता है, डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रेपोजिटरी (डीडीआर) परियोजना को सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के एक स्वायत्त संगठन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। डीडीआर भारत के शिक्षा और सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों, जिला प्रशासनों और अन्य सांस्कृतिक संघठनों की एक व्यापक पहल का हिस्सा है जिसका उद्देश्य देश भर में सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करके भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है। कुल मिलाकर, डीडीआर योजना भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और हमारे समृद्ध ऐतिहासिक स्वंतत्रता संग्राम की खोई हुई महिमा को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक कदम है ।

सीसीआरटी विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहानियां एकत्र करने के लिए पूरे भारत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। ये कार्यशालाएं प्रतिष्ठित , शैक्षिणिक संस्थनों और विश्वविधालयों के शिक्षकों और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने में सफल रहीं। संस्कृति मंत्रालय ने स्वंत्रता संग्राम से संबंधित गुमनाम नायकों,परंपराओं और लोककथाओं सहित स्थानीय इतिहास का दस्तावेजीकरण करने में सीसीआरटी के प्रयासों की सराहना की है।

डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी (DDR) कहानियाँ

सीसीआरटी को 'डीडीआर प्रोजेक्ट' चरण-1 के तहत 5,000 कहानियाँ/ स्निपेट इकट्ठा करने का काम सौंपा गया और सीसीआरटी ने पूरे देश से 10115 कहानियाँ एकत्र की। 5370 कहानियों को विधिवत संपादित, पुनरीक्षित किया गया और संस्कृति मंत्रालय को भेजा गया, जिनमें से 4792 कहानियाँ आजादी का अमृत महोत्सव वेबसाईट पर अपलोड की गई ।

सीसीआरटी को चरण-2 में डीडीआर परियोजना के तहत और 5,000 कहानियाँ/ स्निपेट एकत्र करने का कार्य फिर सौंपा गया और यह काम मार्च 2024 में शुरू हो गया। सीसीआरटी ने 31 मार्च,2025 तक 5811 कहानियाँ एकत्र कीं और जिसमें से कुल 5421 कहानियाँ विधिवत संपादित की गई । इन्हें जांच कर संस्कृति मंत्रालय को भेजा गया, जिसमें से 3304 कहानियाँ आजादी का अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर अपलोड की गई ।

सीसीआरटी द्वारा डीडीआर परियोजना के अंतर्गत 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के दौरान आयोजित कार्यशालाओं का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	कार्यशाला का स्थान	जिला	राज्य	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
1.	किरोडीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय	नई दिल्ली	नई दिल्ली	06-07 मई, 2024	150
		दूसरा चरण			
2.	अल्लूरी रामकृष्ण राजू एम.पी.एल. हाई स्कूल	भीमावरम	आंध्र प्रदेश	17-18 फरवरी, 2025	85
				कुल	**235**

06-07 मई, 2024 तक किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला

National Outreach Programme of Har Ghar Tiranga (HGT), Campaign

CCRT has organized various activities under HarGharTiranga Outreach Campaign in Celebration of 78th Independence Day in the State/UT of Andhra Pradesh, Telangana, Rajasthan, West Bengal and Delhi respectively through its Regional Centres and headquarters. CCRT has organized the programmes in schools in the above said states involving the school children, teachers, parents and community members ensuring the janbhagidari, in which various innovative and creative activities have been organised such as Tiranga Run, Tiranga Rally, Rangoli, Pottery, Tiranga Concert etc. Moreover, national flags have been distributed to the schools, teachers, local wards/bodies and among community members etc.

Tiranga Run: Mass Tiranga marches were organized. In Delhi, more than 2500 school children/teachers/officials participated. Moreover, Tiranga themed craft sessions on Tie & Dye, Warli painting, Beads Work and Pottery were also organized showcasing the diverse artistic traditions of India. The run was a vibrant expression of patriotism, with participants proudly wearing T-Shirts emblazoned with the Tiranga.

Tiranga Selfie Booths: Special booths were set up during the campaign where participants could take selfies with the national flag. These booths were a part of various cultural events organized by CCRT, adding a fun and interactive element to the campaign.

Mega Canvas Event: A large blank canvas was provided at specific locations where school children and participants wrote slogans and messages reflecting their love and respect for the nation. This activity encouraged creativity and expression of national pride.

School Programs: CCRT reached out to schools across the country, urging them to organize special assemblies, flag hoisting ceremonies, and cultural programs centered around the theme of Independence Day and the national flag. The number of participants of school teachers and participants at the following venues are as under

- Andhra Pradesh - 7464 • Telangana – 3780 • Rajasthan – 2620 • West Bengal – 3350 • Delhi – 2500
  Total – 19,714 school children, teachers etc. participated.
- 10,01,500 National Flags were also distributed through these events.

Teacher and Former DRP Involvement: CCRT-trained teachers and Former District Resource Persons (DRPs) played a crucial role in implementing the campaign at the grassroots level. They were encouraged to organize one-day programs in their schools, involving students in various activities like essay writing, drawing competitions, and patriotic song performances.

Social Media Engagement: The campaign also had a strong online presence, with participants encouraged to share their activities and selfies on social media platforms using the hashtag #HarGharTiranga. This helped in amplifying the reach and impact of the campaign.

New Delhi

Andhra Pradesh

West Bengal

Rajasthan

CCRT has also organized "Tiranga Concert" on 13th and 14th August, 2024 at CCRT Campus New Delhi under HarGharTiranga Campaign 2024 in which 31 CCRT Scholarship Holders participated.

Celebration of Foundation Day:

CCRT has celebrated its 45th Foundation Day at CCRT Campus, Dwarka, New Delhi on May 31, 2024 (Friday). The momentous occasion was dedicated to commemorate 525th birth anniversary of Saint Meera Bai, in which a theatre production titled 'Krishna Bhakt Meera' was developed under the esteemed direction of Dr. Vinod Narayan Indurkar, Chairperson, CCRT. CCRT has developed an open air theatre, which was inaugurated by Guests of the Day - Ms. Uma Nanduri, Joint Secretary (AKAD, AKAM, C&M) , Ms. Amita Prasad Sarbhai , Joint Secretary (BTI & ZCCs).

On this occasion Ashwa Ghosh Muktakash Kala Manch was inaugurated by Guests of the Day - Ms. Uma Nanduri, Joint Secretary (AKAD, AKAM, C&M).

हर घर तिरंगा (HGT) अभियान का राष्ट्रीय जन-जागरण कार्यक्रम

सीसीआरटी (CCRT) ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा जन जागरण अभियान के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और दिल्ली राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में अपने क्षेत्रीय केन्द्रों एवं मुख्यालय के माध्यम से विविध गतिविधियाँ आयोजित कीं। सीसीआरटी ने इन राज्यों के विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए विद्यालयी बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा समुदाय के सदस्यों की जन भागीदारी सुनिश्चित की। इस अभियान के अंतर्गत तिरंगा रन, तिरंगा रैली, रंगोली, मिट्टी कला, तिरंगा संगीत कार्यक्रम आदि जैसे अनेक नवोन्मेषी एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही विद्यालयों, शिक्षकों, स्थानीय वार्डों/संस्थाओं तथा समुदाय के सदस्यों को राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए गए।

तिरंगा रन

विभिन्न स्थानों पर जन-सहभागिता आधारित तिरंगा मार्च आयोजित किए गए। दिल्ली में 2,500 से अधिक विद्यालयी बच्चे, शिक्षक एवं अधिकारी इस रन में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त टाई-एंड-डाई, वारली पेंटिंग, बीड्स वर्क और मिट्टी कला जैसी तिरंगा-थीम पर आधारित शिल्प कार्यशालाएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें भारत की विविध कलात्मक परंपराओं का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने तिरंगा छपे टी-शर्ट पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे देशभक्ति का अत्यंत जीवंत वातावरण बना।

तिरंगा सेल्फी बूथ

अभियान के दौरान विशेष सेल्फी बूथ स्थापित किए गए, जहाँ प्रतिभागी राष्ट्रीय ध्वज के साथ तस्वीरें ले सकते थे। ये बूथ सीसीआरटी द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आकर्षक एवं सहभागितापूर्ण हिस्सा बने।

मेगा केनवास कार्यक्रम

नियत स्थानों पर एक विशाल केनवास उपलब्ध कराया गया, जिस पर विद्यालयी बच्चों व प्रतिभागियों ने राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को दर्शाते हुए संदेश एवं नारे लिखे। इस गतिविधि ने सृजनात्मकता तथा राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया।

विद्यालय कार्यक्रम

सीसीआरटी ने देशभर के विद्यालयों तक पहुँच बनाते हुए उन्हें विशेष सभाएँ, ध्वजारोहण समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस तथा राष्ट्रीय ध्वज पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रेरित किया। विभिन्न राज्यों में प्रतिभागियों की संख्या निम्नानुसार रही-

- आंध्र प्रदेश - 7,464 ● तेलंगाना - 3,780 ● राजस्थान - 2,620 ● पश्चिम बंगाल - 3,350 ● दिल्ली - 2,500
  कुल - 19,714 विद्यालयी बच्चे, शिक्षक एवं अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से **10,01,500 राष्ट्रीय ध्वज** भी वितरित किए गए।

शिक्षकों एवं पूर्व डीआरपी की सहभागिता

सीसीआरटी-प्रशिक्षित शिक्षक एवं पूर्व जिला स्रोत व्यक्ति (DRPs) ने जमीनी स्तर पर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अपने-अपने विद्यालयों में एक-दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने तथा निबंध लेखन, चित्रकला, देशभक्ति गीत आदि गतिविधियों में विद्यार्थियों को सम्मिलित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

सोशल मीडिया सहभागिता

अभियान में डिजिटल माध्यमों से भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। प्रतिभागियों को #HarGharTiranga हैशटैग के साथ अपनी गतिविधियाँ एवं सेल्फियाँ सोशल मीडिया पर साझा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, जिससे अभियान का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित हुआ।

13 और 14 अगस्त, 2024 को सीसीआरटी परिसर, नई दिल्ली मेंहर घर तिरंगा अभियान 2024 के अंतर्गत **"तिरंगा कॉन्सर्ट"** का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीआरटी के 31 छात्रवृत्ति धारकों ने भाग लिया।

स्थापना दिवस समारोह

सीसीआरटी का **45वाँ स्थापना दिवस** 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को सीसीआरटी परिसर, द्वारका, नई दिल्ली में मनाया गया। यह अवसर संत मीराबाई की 525वीं जयंती को समर्पित था, जिसके अन्तर्गत **'कृष्ण भक्त मीरा'** नामक रंगमंचीय प्रस्तुति, सीसीआरटी के अध्यक्ष डॉ. विनोद नारायण इंदुरकर के निर्देशन में तैयार की गई।

इस अवसर पर सीसीआरटी द्वारा विकसित **ओपन एयर थियेटर** का उद्घाटन मुख्य अतिथियों-

- सुश्री उमा नंदुरी, संयुक्त सचिव (AKAD] AKAM] C&M) तथा
- सुश्री अमिता प्रसाद साराभाई, संयुक्त सचिव (BTI & ZCCs) द्वारा किया गया।
- इस दिन अश्वघोष मुक्ताकाश कला मंच का भी उद्घाटन सुश्री उमा नंदुरी द्वारा किया गया।

Production of "Kushal Veerangana Rani Durgavati"

CCRT developed and presented a theatre production titled "Kushal Veerangana Rani Durgavati" in connection with Centenary Celebration of Rani Durgavati in collaboration with ZCCs from January 2024 to December 2024. Details of Programmes conducted are as follows:

- West Zone Cultural Centre, Udaipur on August 04, 2024 at DarpanSabhagar, Shilpgram Udaipur (Rajasthan).
- North Central Zone Cultural Centre, Prayagraj on September 15, 2024 at NCZCC Auditorium, Prayagraj (Uttar Pradesh).
- Chandigarh Sangeet Natak Akademi on Spetember 19, 2024 at Tagore Theatre, Chandigarh.
- North Zone Cultural Centre, Patiala on September 21, 2024 at Kalidas Auditorium, VirsaVihar Kendra, Patiala (Punjab).
- South Central Zone Cultural Centre, Nagpur on November 13, 2024 at Shilpagram, Khajuraho (Madhya Pradesh)

Thousands of local audience witnessed the programme.

Organization of Kaveri Meets Ganga at CCRT Hqrs, New Delhi

CCRT organized "Kaveri meets Ganga – Amrit Parampara Phase – I" Festival under aegis of the Ministry of Culture from November 02-05, 2024 at CCRT Campus, Dwarka, New Delhi. Kaveri meets Ganga the special campaign of Amrit Parampara aims to celebrate the cultural unity of India by showcasing South Indian classical dance forms and music in North India. The festival was jointly hosted by the Sangeet Natak Akademi, Kalakshetra Foundation and CCRT.

By showcasing the rich heritage of music and dance from the rivers Kaveri to Ganga, the festival served as a symbolic confluence of India's traditions and paid homage to the vision of Sardar Patel, who worked tirelessly to unite India geographically, politically and culturally.

Day 1 : November 2, 2024 (Inauguration Day)

The festival opened with an atmosphere of cultural reverence at CCRT Campus. The event began with Nama Sankeertanam, a traditional invocation that sect a spiritually uplifiting tone. This was followed by the evening's musical highlights.

Day 2 : November 3, 2024

The second day took the audience deeper into India's classical music and dance heritage. The performances celebrated the sacred connection between rivers Kaveri and Ganga, emphasizing their symbolic importance in uniting the nation.

Day 3 : November 4, 2024

The third day of Kaveri meets Ganga was graced by presence of Chief Guest of the evening Hon'ble Minister of State for Tourism & Natural Gas, Shri Suresh Gopi, who attended the event at the CCRT Campus. His presence added a layer of prestige and recognition to the festival, Further emphasizing the importance of preserving and promoting Indian cultural heritage. Smt Uma Nanduri, Joint Secretary (AKAD, AKAM, C&M) and Shri Aneish P Rajan, Director (Akademi), Ministry of Culture were the Guest of honour of this occasion.

Day 4 : November 5, 2024

The final day of the festival was a grand celebration of dance and music that highlighted India's cultural unity.

The outreach of the festival ensured its success as not just an artistic celebration but also an educational initiative, spreading awareness about the richness of Indian Culture to a wider audience.

''कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती'' नाट्य प्रस्तुति

सीसीआरटी ने जेडसीसी (ZCCs) के सहयोग सेरानी दुर्गावती शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में **"कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती"** शीर्षक से एक रंगमंचीय प्रस्तुति विकसित एवं प्रस्तुत की। जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक विभिन्न सांस्कृतिक केन्द्रों में इसके कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं–

- **पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर, राजस्थान** – 04 अगस्त 2024, दर्पण सभागार, शिल्पग्राम, उदयपुर (राजस्थान)
- **उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश** – 15 सितंबर 2024, NCZCC सभागार, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)
- **चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी** – 19 सितंबर 2024, टैगोर थिएटर, चंडीगढ़
- **उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला, पंजाब** – 21 सितंबर 2024, कालिदास सभागार, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला (पंजाब)
- **दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर, मध्यप्रदेश** – 13 नवंबर 2024, शिल्पग्राम, खजुराहो (मध्य प्रदेश)''

इन सभी प्रस्तुतियों को हजारों स्थानीय दर्शकों ने देखा और सराहा।

"कावेरी मीट्स गंगा" का आयोजन – CCRT मुख्यालय, नई दिल्ली

CCRT ने संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में 2 से 5 नवम्बर 2024 तक CCRT परिसर, द्वारका, नई दिल्ली में **"कावेरी मीट्स गंगा – अमृत परंपरा फेज–I"** उत्सव का आयोजन किया। **"कावेरी मीट्स गंगा"** – अमृत परंपरा का यह विशेष अभियान – भारत की सांस्कृतिक एकता का उत्सव मनाने के उद्देश्य से दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत परंपराओं को उत्तर भारत में प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया। यह उत्सव संगीत नाटक अकादमी, कलाक्षेत्र फाउंडेशन और CCRT द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

कावेरी से लेकर गंगा तक की संगीत और नृत्य की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करते हुए यह महोत्सव भारत की परंपराओं के सांस्कृतिक संगम का प्रतीक बना और लौहपुरुष सरदार पटेल की उस भावना को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने भारत को भौगोलिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से एकीकृत करने का अविरत प्रयास किया।

दिन 1 : 2 नवम्बर 2024 (उद्घाटन दिवस)

उत्सव का शुभारंभ CCRT परिसर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा के वातावरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नमा संकीर्तनम् से हुई, जिसने पूरे स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद संध्या के प्रमुख कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

दिन 2 : 3 नवम्बर 2024

दूसरे दिन दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की गहराइयों में ले जाया गया। प्रस्तुतियों ने कावेरी और गंगा–दोनों नदियों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया, जो भारत की एकता का प्रतीक हैं।

दिन 3 : 4 नवम्बर 2024

तीसरा दिन विशेष था, क्योंकि इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय पर्यटन एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री सुरेश गोपी ने परिसर में उत्सव की शोभा बढ़ाई। उनकी उपस्थिति ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और बल दिया। इस अवसर पर सुश्री उमा नंदूरी, संयुक्त सचिव (AKAD, AKAM, C&M) और श्री अनीश पी. राजन, निदेशक (अकादमी), संस्कृति मंत्रालय, माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

दिन 4 : 5 नवम्बर 2024

उत्सव के अंतिम दिन नृत्य और संगीत की भव्य प्रस्तुतियों के साथ भारत की सांस्कृतिक एकता का उत्सव मनाया गया।

उत्सव की व्यापक पहुँच ने इसे केवल एक कलात्मक आयोजन ही नहीं, बल्कि एक शैक्षिक पहल भी बना दिया, जिसके माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्धि के प्रति जनजागरण और व्यापक समझ विकसित हुई।

Initiatives in the North-Eastern States

From ancient times, India's North-East has been the meeting place of many communities, faith and cultures. In order to build up a pervasive consciousness of the rich natural and cultural heritage of the North-East region, including Sikkim through the utilization of students in the conservation of our heritage, CCRT organized various training programmes in different North-Eastern States. The primary, middle, secondary and senior secondary school teachers from all parts of the country were introduced to innovative methoosQ of classroom teaching using specific art forms and traditional crafts of this region.

Sl. No.	Training Programmes	Duration	Venue	No. of Participants
1.	Workshop on "Role of Puppetry in Education in line with NEP 2020"	June 20-July 04, 2024	Guwahati	66
2.	Orientation Course in line with NEP 2020	July 24-August 13, 2024	Guwahati	62
3.	Workshop on "Role of Schools in Conservation of Natural & Cultural Heritage"	August 27 -September 05, 2024	Guwahati	95
4.	Workshop on "Our Cultural Diversity"	September 17-26, 2024	Guwahati	71
